

19:07:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 196 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण (अधिक), शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पंडित उच्यते॥
यस्य संसारिणी प्रज्ञा धर्मार्थावनुवर्तते।
कामादर्थं वृणीते यः स वै पंडित उच्यते॥

**भावार्थ** : जिसके कार्यों में सर्दी, गर्मी, भय, मैथुन, समृद्धि, असमृद्धि आदि स्थितियां बाधक नहीं बनतीं वही पंडित कहलाता है। जो सांसारिक होते हुए भी धर्म व अर्थ का पालन करता है तथा काम व अर्थ में से अर्थ को प्राथमिकता देता है वही पंडित कहलाता है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .36 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .13 बजे

## केरल के पूर्व सीएम ओमन चांडी का निधन

**तिरुवनंतपुरम** : केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमन चांडी का लंबी बीमारी के कारण मंगलवार को तड़के 4.25 बजे बेंगलुरु के चिन्मय अस्पताल में निधन हो गया। वे 80 साल के थे। श्री चांडी के पुत्र चांडी ओम्मेन ने एक फेसबुक पोस्ट में अपने पिता के निधन की पुष्टि करते हुए कहा, अप्पा का निधन हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री पिछले कई महीनों से बेंगलुरु में इलाज करा रहे थे। श्री चांडी अपने पीछे पत्नी मरियम्मा उम्मेन, पुत्रियां अचू ओम्मन और मारिया ओम्मन और पुत्र चांडी ओम्मन को छोड़ गए हैं। दो बार मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य के लोगों की सेवा करने वाले श्री चांडी केरल में कांग्रेस के सबसे लोकप्रिय चेहरा थे। विधायक के रूप में 50 साल पूरा करने वाले श्री चांडी 1970 से कोट्टायम जिले के अपने गृह नगर पुथुपल्ली सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

## चंद्रयान की तीसरी कक्षा बदली गयी

**नईदिल्ली** : इसरो ने आज यानी 18 जुलाई 2023 की दोपहर 2 से 3 बजे के बीच चंद्रयान-3 का तीसरा ऑर्बिट मैन्यूवर किया गया है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 की तीसरी कक्षा को सफलतापूर्वक बदल दिया गया है। अगली ऑर्बिट मैन्यूवरिंग 20 जुलाई 2023 को दोपहर 2 से 3 बजे ही होगी। फिलहाल इसरो ने यह नहीं बताया है कि दूरी में कितना बदलाव किया गया है। लेकिन एपोजी में बदलाव किया गया है। इसके बाद चौथे और पांचवें ऑर्बिट मैन्यूवर में भी एपोजी बदला जाएगा। मतलब धरती की सतह से ज्यादा दूरी। मकसद है 31 जुलाई तक चंद्रयान-3 को एक लाख किलोमीटर दूर तक पहुंचाना है। तीसरी ऑर्बिट मैन्यूवरिंग से पहले चंद्रयान 226 किलोमीटर की पेरीजी और 41,762 किलोमीटर की एपोजी वाली अंडाकार ऑर्बिट में चक्कर लगा रहा है। इस ऑर्बिट मैन्यूवरिंग में 41,762 किलोमीटर की दूरी को बढ़ाया गया है।

## ताजमहल के करीब पहुंचा यमुना का पानी

**आगरा** : यमुना नदी खतरे के निशान 499 फुट तक पहुंच गई है। 13 साल बाद यमुना नदी ने तटबंध तोड़कर शहर में प्रवेश किया है। मंगलवार सुबह यमुना का पानी ताजमहल के दशहरा घाट और मेहताब बाग पर तक आ गया। करीब 40 गांव में पानी भरने की आशंका है। आज रेस्क्यू करने में टीम लगाई जाएंगी। यमुना किनारे की कॉलोनी खाली कराई जानी हैं। वहीं लोहिया नगर, तनिष्क राजश्री और दयालबाग की कॉलोनियों के सड़क मार्ग पर पानी भर गया है। कैलाश मंदिर परिसर, कैलाश गांव में पानी भर जाने से बलदेव की ओर के छह गांवों का संपर्क शहरी क्षेत्र से कट गया है।

## एनआईए ने रतलाम में पोल्ट्री फॉर्म किया कुर्क

**रतलाम** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मध्यप्रदेश के रतलाम में आईएसआईएस से प्रेरित एक आतंकवादी संगठन से जुड़ा एक पोल्ट्री फॉर्म कुर्क कर दिया। एनआईए की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सूफा नाम के एक आतंकवादी संगठन के सदस्यों द्वारा इस्तेमाल में लाए जा रहे इस पोल्ट्री फॉर्म को एजेंसी ने सोमवार को कुर्क कर दिया। ये समूची कार्रवाई राजस्थान में आतंकवादी गतिविधियां फैलाने के संबंध में की गई है। बताया जा रहा है कि सूफा के सदस्य आईएसआईएस से प्रेरित थे। रतलाम के जुलवानिया गांव स्थित ये पोल्ट्री फॉर्म आरोपी इमरान खान के नाम पर था और इसे सूफा के सदस्य संगठन के नए सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए इस्तेमाल करते थे। एनआईए ने इमरान खान समेत 10 आरोपियों के खिलाफ इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। इस फॉर्म से एनआईए ने विस्फोटक समेत अन्य आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी सामग्री जब्त की थी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** पहले दिन की बैठक पर सभी नेताओं ने संतोष जताया

# भाजपा विरोधी नये गठबंधन का नाम अब "इंडिया" रखा गया

- भाजपा विरोधी 26 दल एकत्रित हुए हैं
- ग्यारह सदस्यीय समन्वय समिति बनेगी
- गठबंधन की नेता सोनिया गांधी हो सकती है




**राष्ट्रीय खबर**

**बेंगलुरुः** अब यूपीए इतिहास होने जा रहा है। यहां आयोजित भाजपा विरोधी दलों की बैठक में नये गठबंधन का नाम इंडिया रखा गया है। वैसे इसके संकेत कई नेताओं को ट्विट से मिल गये थे। अभी यह दो दिवसीय बैठक जारी है और इसके बीच ही यह सूचना आयी है कि इन्हीं दलों की अगली बैठक मुंबई में होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के 11 सदस्यों की समन्वय समिति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुंबई में गठबंधन की अगली बैठक से पहले समिति के सदस्यों के नामों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। पटना बैठक के बाद से ही अटकलें तेज थीं। बेंगलुरु बैठक के बीच बीजेपी विरोधी राजनीतिक गठबंधन की ओर से एक खास संदेश आया। वहीं बैठक के अंत में एलान किया गया कि इस बार कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए गठबंधन के बजाय 26 विपक्षी दल एक नए मंच पर इकट्ठा होने जा रहे हैं। गठबंधन की अगली बैठक महाराष्ट्र के मुंबई में होगी। मंगलवार को विपक्षी गठबंधन का नया नाम भी सामने आ गया। नए विपक्षी गठबंधन का नाम भारत के नाम पर रखा गया- इंडिया। बैठक के अंत में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नए गठबंधन के नाम की घोषणा की। संयोग से, बैठक खत्म होने से पहले, तृणमूल के


» पेज 2 भी देखें

### खड़गे ने नए गठबंधन के अध्यक्ष या संयोजक पद की घोषणा नहीं की

हालांकि, नाम बदलने के बावजूद खड़गे ने नए गठबंधन के अध्यक्ष या संयोजक पद की घोषणा नहीं की है। सोनिया गांधी यूपीए की अध्यक्ष थीं। हालांकि, खड़गे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के 11 सदस्यों की समन्वय समिति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुंबई में गठबंधन की अगली बैठक से पहले समिति के सदस्यों के नामों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बेंगलुरु में विस्तृत चर्चा की गई है ताकि समान विचारधारा वाले भाजपा विरोधी दल लोकसभा चुनाव से पहले एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ सकें। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि साझा कार्यक्रम की संभावना पर विचार करने के लिए एक अलग समिति बनाई जा सकती है। वैसे समझा जाता है कि श्री खडगे ने सहयोगी दलों के बीच यह संदेश दे दिया है कि कांग्रेस अभी प्रधानमंत्री पद की दावेदारी नहीं कर रही है। दूसरी तरफ राहुल के मुद्दे पर कुछ लोगों को आपत्ति होने की वजह से माना जा रहा है कि इस नये गठबंधन की प्रमुख संभवतः श्रीमती सोनिया गांधी ही होंगी।

संकट की घड़ी में कौन कितना साहसी है, इसकी परीक्षा हो जाती है

# पायलट अस्वस्थ तो महिला ने विमान को उतारा



**राष्ट्रीय खबर**


**न्यूयार्कः** हम मान सकते हैं कि संकट की घड़ी में कौन कितना साहसी है, इसकी परीक्षा हो जाती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही है जबकि एक उम्र दराज महिला ने अपनी कोशिश से उड़ते विमान पर सवार लोगों को बचा लिया। मिली जानकारी के मुताबिक एक छोटा विमान न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भर रहा था। विमान उतर रहा था। तभी पायलट अचानक बीमार पड़ गया। उसकी हालत अचानक इतनी बिगड़ गयी कि वह आसमान में उड़ते इस विमान को चलाने की स्थिति में नहीं था। ऐसी हालत में एक महिला यात्री ने साहस दिखाते हुए उस विमान का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। एक महिला यात्री ने बहादुरी दिखाते हुए विमान को सुरक्षित उतारने की कोशिश की। इसी बीच लोगों का ध्यान हर पल सेहत बिगड़ते पायलट पर भी रहा। इससे आसमान में उड़ रहे लोग और आतंकित होते चले गये। लेकिन उस वक्त भी एक महिला हवाई यात्री बिना टूटे आगे आ गईं। उन्होंने विमान को सुरक्षित लैंड कराने की कोशिश की। वैसे किसी कुशल पायलट की तरफ उनकी कोशिश पूरी तरह कामयाब नहीं हो पायी और विमान को नीचे लाने के बाद विमान अंततः जमीन पर औंधे मुंह गिर गया। विमान अंततः मैसाचुसेट्स में वाइनयार्ड हवाई अड्डे के पास उतरा। लेकिन विमान का दाहिना पंख टूट गया है। पंख पूरी तरह से दो टुकड़ों में है। यह पाइपर मेरिडियन टर्बो प्रोप विमान 6 सीटर है। पायलट की उम्र 80 साल थी। वहीं विमान को बचाने वाली महिला यात्री की उम्र 68 साल है। हालांकि, घटना की खबर मिलने के बाद आपातकालीन बचावकर्मी मौके पर पहुंचे। डॉक्टर भी आये। बाद में पायलट को हवाई मार्ग से बोस्टन अस्पताल ले जाया गया। उनकी शारीरिक स्थिति गंभीर है। लेकिन सभी

» पेज 2 भी देखें

पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर हवाई अड्डे के उदघाटन समारोह पर

# प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष की बैठक पर कसा तंज

- यह सभी लोग भ्रष्टाचार पर चुप्पी साधते हैं
- ऐसे लोगों के लिए वंश का विकास जरूरी
- इन दलों ने ही देश के साथ अन्याय किया है



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक पर तंज कसते हुए कहा,जो लोग (विपक्ष) इकट्ठा हुए हैं, उनसे भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर सभी चुप्पी साध लेते हैं। श्री मोदी ने आज पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की पट्टिका का अनावरण करते हुए कहा,लोकतंत्र लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है, लेकिन वंशवादी राजनीतिक दलों के लिए यह परिवार का, परिवार द्वारा और परिवार के लिए है। कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, परिवार पहले, देश कुछ नहीं। यही उनका आदर्श उद्देश्य नफरत, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति है। उन्होंने कहा, देश वंशवादी राजनीति का शिकार है। उनके लिए केवल उनके परिवार का विकास मायने रखता है, देश के गरीबों का नहीं। प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, भारतीयों के पास क्षमताओं और प्रतिभाओं की कभी कमी नहीं है, लेकिन भ्रष्ट राजवंशीय

» पेज 2 भी देखें

### शुभेंदु अधिकारी ने विपक्षी दलों की बैठक पर ली चुटकी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर चुटकी लेते हुए आरोप लगाया कि असरवादी गठबंधन ने उन कार्यकर्ताओं के शवों को पहचानने से इंकार कर दिया, जिन्होंने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ दल के अत्याचारों का विरोध करते हुए अपनी जान गंवा दी। श्री अधिकारी ने ट्वीट कर कहा, अवसरवादी गठबंधन ने बंगाल में सत्तारूढ़ दल के अत्याचारों का विरोध करते हुए अपने जान गंवाने वाले कार्यकर्ताओं के शव को पहचानने से इनकार कर दिया। उन्होंने विपक्षी दलों की चुप्पी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा, कई घायल कार्यकर्ताओं का अभी भी विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें कांग्रेस तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं पर दया आती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और माकपा नेताओं ने उनके पीठ में छुरा घोंपा है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस सहित 26 विपक्षी दलों के नेता एकजुट होकर 2024 में भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर आज बेंगलुरू में बैठक कर रहे हैं।

## चीन के विदेश मंत्री को लेकर चर्चा का बाजार गर्म



**हांगकांग** : चीन के विदेश मंत्री जनता की नजरों से गायब हो गए हैं। उनकी लंबे समय तक अनुपस्थिति से अटकलें तेज हो गई हैं। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग को तीन सप्ताह से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है, बीजिंग में राजनयिक गतिविधि की व्यस्त अवधि के दौरान असामान्य रूप से लंबी अनुपस्थिति, राजनीतिक अपारदर्शिता के लिए जाने जाने वाले देश में तीव्र अटकलों को जन्म देती है। कैरियर राजनयिक और चीनी नेता शी जिनपिंग के भरोसेमंद सहयोगी, 57 वर्षीय किन को संयुक्त राज्य अमेरिका में राजदूत के रूप में एक संक्षिप्त कार्यकाल के बाद दिसंबर में विदेश मंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया था। विदेश मंत्री के रूप में, किन ने अमेरिका के ऊपर गिराए गए एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे के बाद रिश्तों में आई गिरावट के बाद वाशिंगटन को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने खराब संबंधों को स्थिर करने और संचार बहाल करने के लिए दोनों पक्षों के बाद के प्रयासों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें जून के मध्य में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ मुलाकात भी शामिल है। लेकिन 25 जून को बीजिंग में श्रीलंका, वियतनाम और रूस के अधिकारियों से मुलाकात के बाद हाई-प्रोफाइल राजनयिक को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। अपनी अंतिम सार्वजनिक उपस्थिति में, मुस्कुराते हुए किन को रूसी उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते देखा गया, जो रूस में वैगनर भाड़े के समूह द्वारा अल्पकालिक विद्रोह के बाद चीनी अधिकारियों से मिलने के लिए बीजिंग गए थे। कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार के पूर्व संपादक डेंग युवेन, जो अब अमेरिका में रहते हैं, ने कहा, दुनिया में चीन की स्थिति और प्रभाव को देखते हुए, यह वास्तव में बहुत अजीब है कि उसके विदेश मंत्री 20 दिनों से अधिक समय तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं से मिलने से किया इंकार, पुलिस का बल प्रयोग

# मणिपुर में फायरिंग में दो की मौत

- आंदोलनकारियों का नेशनल हाईवे बंद का एलान
- सुरक्षा बलों ने भीड़ हटाने के लिए चलाया स्मोक बम
- अरामबाई तेंगगोल ने नगा महिला की हत्या की निंदा की



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी** : मणिपुर में तमाम प्रयासों के बावजूद हिंसा अभी पूरी तरह शांत नहीं हुई है। सोमवार रात भी दो जगहों पर गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम दो की मौत हो गई। फायरिंगरिं की पहली घटना फैलेंग गांव में हुई तो दूसरी कांगपोक के थांगबुह गांव में हुई। एक मृतक की पहचान 34 साल के जांगखोलुम हाओकिप के रूप में हुई है। इसके अलावा 16 जुलाई से ऑन ट्राइबल यूनिटी ने नेशनल हाइवे-2 पर 72 घंटे के बंद कर दिए गए थे।मणिपुरपु में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद संगठन ने शटडाउन का ऐलान किया है।मणिपुर राज्य में शांति और स्थिरता लाने की मांग के साथ आज 5 से अधिक सैकड़ों महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया जो 18 जुलाई की देर शाम तक जारी रहा। इसके अलावा, महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें राज्य और केंद्रीय बलों दोनों के संयुक्त सुरक्षा बलों ने बीरेन सिंह से मिलने से रोक दिया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह महिला प्रदर्शनकारियों से मिलने नहीं पहुंचे, जबकि उन्होंने पूरे दिन सिंगाजामेई चिंगमथाक में धरना दिया। बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों ने आंसू गैस और स्मोक बम का इस्तेमाल कर तितर-बितर किया। कम से कम 26 महिला प्रदर्शनकारी घायल हो गईं और एक की हालत गंभीर होने के बाद मौत हो गई। 17-18 जुलाई को, मणिपुर की अत्यधिक नाराज महिलाओं ने इंफाल पश्चिम जिले के तहत सिंगजामेई बाजार से मुख्यमंत्री सचिवालय, बाबूपारा तक एक विरोध रैली निकालने का प्रयास किया। हालांकि, उन्हें सिंगजामेई चिंगमथाक ट्रैफिक जंक्शन पर राज्य और केंद्रीय बलों दोनों के संयुक्त सुरक्षा बलों द्वारा रोक दिया गया, जो सीएम सचिवालय से लगभग 2

» पेज 2 भी देखें

**चिकित्सा विज्ञान** सर्जनों और इंजीनियरों ने मिलकर कमाल कर दिखाया है

# कृत्रिम अंग अब और कारगर काम करेंगे

- असली के जैसा हर हिस्सा काम करता है
- सीबीपीआर के शोध केंद्र में हुआ यह काम
- अंग के आसपास की मांसपेशियों को जोड़ा गया



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** किसी भी इंसान अथवा दूसरे प्राणी के लिए भी शरीर का किसी भी अंग का क्षतिग्रस्त होना, उसके जीवन को कठिन बना देता है। चिकित्सा विज्ञान ने जब तरक्की की तो इस खामी को दूर करने के लिए लोगों को कृत्रिम अंग लगाये जाने लगे। इन कृत्रिम अंगों से एक मानसिक अवसाद की स्थिति से मुक्ति मिलती थी तथा इस कृत्रिम अंग के सहारे आदमी कुछ काम भी कर लेता था। अब तो इन्हीं अंगों की बदौलत ओलंपिक की अलग प्रतियोगिता तक होती है। इसलिए माना जा सकता है कि खोए हुए हाथ-पैर को बदलने के लिए कृत्रिम अंग सबसे आम उपाय हैं। हालांकि, उन्हें नियंत्रित करना कठिन होता है और

» पेज 2 भी देखें

### यह अवधारणा के 30 से अधिक वर्षों के क्रमिक विकास पर आधारित है

यह देखना फायदेमंद है कि हमारा अत्याधुनिक सर्जिकल और इंजीनियरिंग नवाचार एक हाथ विच्छेदन वाले व्यक्ति के लिए इतनी उच्च स्तर की कार्यक्षमता प्रदान कर सकता है। यह उपलब्धि अवधारणा के 30 से अधिक वर्षों के क्रमिक विकास पर आधारित है, जिसमें मैं हूं योगदान देने पर गर्व है एमआईटी में अनुसंधान सहयोगी, गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर, इंटीग्रम के सीईओ, अंग कृत्रिम अंग के लिए ऑसियोइंटीग्रेशन पर एक अग्रणी विशेषज्ञ, डॉ. रिकार्ड ब्रैनमार्क, जिन्होंने इंटरफेस के प्रत्यारोपण का संचालन किया, ने ऐसी टिप्पणी की है। सर्जरी स्वीडन के सहलग्रेंस्का यूनिवर्सिटी अस्पताल में हुई, जहां सीबीपीआर स्थित है। न्यूरोमस्कुलर पुनर्निर्माण प्रक्रिया का संचालन डॉ. पाओलो सस्सु द्वारा किया गया था, जिन्होंने स्कैंडिनेविया में किए गए पहले हाथ प्रत्यारोपण का भी नेतृत्व किया था। परीक्षण में कृत्रिम बांह के एकल-उंगली नियंत्रण के साथ-साथ संवेदी प्रतिक्रिया भी प्रदान करते हैं। जिन मरीजों को हाथ विच्छेदन का सामना करना पड़ा है अब एक उज्जवल भविष्य देख सकते हैं। शोधकताओं ने उन्हें कृत्रिम अंग से जोड़ दिया ताकि मरीज कृत्रिम हाथ की प्रत्येक उंगली को नियंत्रित कर सके जैसे कि यह उसकी अपनी उंगली होगी।

श्रीनगर के लोगों को अपने घरों मे रहने की हिदायत

# तेंदुआ नजर आने के बाद अभियान शुरू



**राष्ट्रीय खबर**

**श्रीनगरः** श्रीनगर में एक तेंदुआ नजर आने के बाद स्थानीय नागरिकों को अकारण घर से बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी गयी है। सोमवार को बादामवारी पार्क के पास एक तेंदुआ देखे जाने की रिपोर्ट के बाद, श्रीनगर पुलिस ने क्षेत्र के स्थानीय लोगों से घर के अंदर रहने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने को कहा है। एक वरिष्ठ वन्यजीव अधिकारी ने बताया कि दाचीगाम से विशेषज्ञों की एक टीम को तत्काल बचाव उपकरणों के साथ क्षेत्र में भेजा गया है। अधिकारी ने कहा, वन्यजीव विशेषज्ञों की एक टीम को इलाके में भेजा गया है, हम प्रत्यक्षदर्शियों से बात करेंगे और पुष्टि होने पर हम बचाव अभियान शुरू करेंगे। विशेष रूप से, श्रीनगर पुलिस ने

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### उद्योग सचिव आदिवासी उद्यमियों से कर रहे भेदभाव: टिक्की

रांची: ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ( टिक्की ) झारखंड चैप्टर ने उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह पर आदिवासी उद्यमियों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष वैद्यनाथ मांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह को हटाए जाने की मांग की है। मांडी ने कहा कि उद्योग सचिव ने 17 जुलाई की बैठक में अपने खास उद्योग घरानों को बुलाकर नई एमएसएमई पॉलिसी को स्वीकृति कराने का काम कर रहे हैं। जिसमें हमेशा की तरह आदिवासी समुदाय को उद्योग व्यापार से दूर रखा गया है। 4 जून की बैठक में भी जितेंद्र सिंह ने सीधे तौर से कहा था कि आदिवासियों के लिए अलग से किसी भी उद्योग नीति की आवश्यकता नहीं है।

**घोटाला** 20लाख करोड़ के घोटाले में अपनी हिस्सेदारी बताने के लिए बैठक में शामिल हुए हेमंत

# इंडिया एलायंस का मतलब वंशवाद परिवारवाद, भ्रष्टाचार: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज यूपीए गठबंधन के नए अवतार पर कड़ा प्रहार किया।कहा कि सत्य और असत्य की लड़ाई युगों युगों से चलती आ रही है। इसलिए देश के निर्माण और विकास केलिए कार्य कर रही शक्ति के खिलाफ विघटन कारी तत्वों का एकजुट होना स्वाभाविक है।उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान बचाने के नाम पर एकजुट होने का दंभ भरने वाली शक्तियों ने सैकड़ों बार भारत के लोकतंत्र और संविधान को अपमानित किया है।

उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से देश की सत्ता से बाहर ये दल आज अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवार केन्द्रित राजनीति को बचाना और भ्रष्टाचार को छुपाना इनका एकमात्र उद्देश्य है। जनता की सेवा से इनका कोई रिश्ता नाता नहीं है।श्री मरांडी ने कहा कि इसके पूर्व भी कई राज्यों के विधानसभा चुनावों और पिछले लोकसभा चुनाव में इन दलों ने एकजुटता का नाटक जनता को दिखा दिया है लेकिन जनता इनपर भरोसा करना छोड़ चुकी है।उन्होंने कहा कि एक कंपनी ब्लैकलिस्टेड होने पर भ्रष्टाचारी कंपनी का रजिस्ट्रेशन दूसरे नाम से करा लेता है। ताकि नाम बदलकर जनता को धोखा दिया जा सके। लेकिन जनता अब समझदार हो चुकी है। जनता देखती है कि नए ब्रांड के मालिक और पार्टनर कौन है।उन्होंने कहा इंडिया एलायंस की नई जमात में वही हैं जिन्होंने देश को लुटा है,धर्म , संप्रदाय जाति के नाम पर बांटा है। कहा कि 20लाख करोड़ का घोटाला इसी गठबंधन के नाम दर्ज है। आज इसकी सघन जांच एजेंसियों के द्वारा की जा रही है।कहा कि ये लोग लाख एक दूसरे के हाथ पकड़ लें लेकिन भ्रष्टाचार की कारवाई में इनका बचना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी की व्यग्रता भी यही है। 20लाख करोड़ के भ्रष्टाचार में अपनी हिस्सेदारी इन्होंने आज बैठक में जरूर बताई होगी।

केंद्र की सारी योजनाओं को राज्य में लटका दिया गया है

## मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने बेंगलुरु गए हैं सीएम : संजय सेठ

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा है कि झारखंड की हेमंत सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। राज्य में केंद्रीय योजनाओं को लटका दिया गया है और उसका इल्जाम मोदी सरकार पर डाला जा रहा है। अपने दायित्वों का निर्वहन करने और जनता की समस्याओं को दूर करने के बजाए मुख्यमंत्री मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने बेंगलुरु गए हैं। सांसद ने कहा कि राज्य के पीडीएस डीलरों को 18 महीने से कमीशन नहीं मिला है। वित्त विभाग की ओर से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं भेजे जाने के कारण केंद्र से मिलने वाले 200 करोड़ रुपये फंस गये हैं। राज्य सरकार अपना काम करने में फेल है और इल्जाम केंद्र सरकार पर थोप रही है। यही हालत दूसरे विभागों की भी है। संजय सेठ अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे।सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की वजह से यहां जल जीवन मिशन फेल हो गया है। अनगड़ा समेत कई जगहों पर 150 फीट की बोरिंग में ही जलमीनार खड़ा कर दिया गया है, जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा। वहीं ऊर्जा की स्थिति सुधारने के लिए राज्य को केंद्र सरकार से 55 हजार करोड़ रुपये दिये गये, लेकिन लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। सरकार सिर्फ बहानेबाजी कर रही है। सांसद ने कहा कि वे पीएम सड़क योजना के तहत केंद्र से 216 किमी सड़क स्वीकृत करा के लाए थे। इसी साल फरवरी में उसका शिलान्यास भी किया, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ।

सभी जिलों के एसपी होंगे शामिल

## झारखंड में गैंगसटर्स की बढ़ती धमक के बीच डीजीपी ने बुलाई अहम बैठक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कई जिलों की पुलिस फेल साबित हो रही है। संगठित आपराधिक गिरोह लगातार झारखंड में सिर उठा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने 19 जुलाई को झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। पुलिस मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में राज्य के सभी पुलिस विंग के प्रमुख, सभी एडीजी, सभी जिलों के एसपी, सभी रेंज आईजी, डीआईजी शामिल होंगे। डीजीपी पुलिस मुख्यालय में सभी से आमने-सामने बैठकर बातें करेंगे।झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार यानी 19 जुलाई को सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है, पुलिस मुख्यालय में होने वाली इस बैठक का मुख्य एजेंडा संगठित आपराधिक गिरोह है। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने अपनी दो पूर्व बैठकों में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिया था कि वह हर हाल में संगठित आपराधिक गिरोह पर नकेल कसें। नकेल कसने के लिए एटीएस और सीआईडी को भी खुला छोड़ दिया गया था।

लेकिन हुआ ठीक इसका उल्टा। झारखंड के आपराधिक गिरोह लगातार अलग-अलग शहरों में आतंक मचा रहे हैं। सोमवार को तो जेल में बंद गैंगस्टर अमन साव एटीएस डीएसपी नीरज कुमार और एक सब इंस्पेक्टर को ही अपना निशाना बना दिया। अमन के गुर्गों के द्वारा की गई फायरिंग में डीएसपी और सब इंस्पेक्टर दोनों ही घायल हुए हैं, जबकि एटीएस की तरफ से स्थिति यह रही कि कोई भी पुलिसवाला एक गोली तक नहीं चला पाया। हालांकि डीजीपी की बैठक 19 जुलाई को पूर्व से निर्धारित है। एक सप्ताह पूर्व राजधानी रांची सहित दूसरे शहरों में हुई फायरिंग की वारदातों की समीक्षा के दौरान ही डीजीपी ने 19 जुलाई को सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को बैठक के लिए मुख्यालय बुलाने का निर्णय लिया था। इसी बीच डीएसपी और सब इंस्पेक्टर पर गोलीबारी की घटना बिगड़ गई ऐसे में 19 जुलाई को होने वाली बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। जिन जिलों में संगठित आपराधिक गिरोहों ने आतंक मचा रखा है उन जिलों के पुलिस कप्तानों की क्लास भी लगनी तय है।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो दिल्ली रवाना, कहा- झारखंड के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मंगलवार को दिल्ली में एनडीए की बैठक आयोजित की गयी है। विभिन्न राज्यों से भाजपा की सहयोगी पार्टियां इसमें हिस्सा ले रही हैं। इसी को लेकर झारखंड से भी भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू प्रमुख सुदेश महतो दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली जाने से पूर्व उन्होंने कहा कि इस बैठक में पूरे देश के साथ-साथ झारखंड के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी।रांची एयरपोर्ट पर सुदेश महतो ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस बैठक में राष्ट्रीय मुद्दे के साथ साथ झारखंड के मुद्दे पर भी बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए पहले से ही स्थापित संगठन है और इन्हें जीत हासिल करने में लोगों के बीच समस्या नहीं होगी। सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए गठबंधन के बारे में देश की जनता को पता है। इस सच्चाई के रास्ते पर चलकर जनता की भलाई करने का उद्देश्य एनडीए में ही है।लेकिन विपक्षी जिस तरह से विचलित होकर बेंगलुरु में विपक्षी दल बैठक का आयोजन कर रहे हैं।

उससे साफ पता चलता है कि यूपीए के नेता किस उद्देश्य के साथ बेंगलुरु पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि सत्ता पाने के लोभ से विपक्ष के नेता राजनीति करते हैं। लेकिन एनडीए के नेता जनता की भलाई के लिए राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बैठक में चर्चा का मुख्य विषय ये रहेगा कि किस प्रकार से आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए बड़ी जीत की ओर बढ़े।वहीं झारखंड में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर सुदेश महतो कुछ भी कहने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि समय आने पर सीट को लेकर भी निर्णय ले लिया जाएगा। बता दें कि दिल्ली में होने वाले एनडीए की बैठक में लगभग 38 राजनीतिक दल शामिल होंगे। जिसमें झारखंड में भाजपा के प्रमुख सहयोगी आजसू आमंत्रित हैं।

## लोहरदगा डीसी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जिले के डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त समीरा एस को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भूमि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया है। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीसी और डीडीसी ने यह सम्मान राष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया, जो लोहरदगा के लिए यह गौरव की बात है।राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे देश के 75 जिलों में लोहरदगा को भी यह सम्मान मिला है। लोहरदगा जिले की ओर से उपायुक्त डॉ। वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस को लैंड डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। लोहरदगा के साथ झारखंड के 9 जिलों को भी यह सम्मान मिला है। जिसमें पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, दुमका, चतरा, गुमला, गिरिडीह, खूंटी और सिमडेगा शामिल हैं।डीसी और डीडीसी के नेतृत्व में सेल डीड, खतियान और अन्य जमीन संबंधी डॉक्यूमेंट का डिजिटलाइजेशन करने का 99 प्रतिशत से अधिक सफलतापूर्वक किया गया है। लोहरदगा डीसी और डीडीसी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलने पर यहां के लोगों ने खुशी जताई है। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई दी है। लोगों का कहना है कि यह सम्मान मिलना अपने आप में लोहरदगा जिले के लिए गौरव की बात है।

## 28 जुलाई से शुरू होगा झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र, बीजेपी ने कम कार्य दिवस होने पर उठाए सवाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है।मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाए गए कुछ विधेयक भी शामिल हैं।

28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगा। 4 जुलाई तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में प्रश्नकाल से लेकर सरकार द्वारा अनुपुरक बजट, विनियोग विधेयक लाया जाएगा। दोनों ओर से बहस के बाद इसे सदन से पास कराने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाएगा। चूंकि पंचम विधानसभा का कार्यकाल समापन की ओर बढ़ चला है इसलिए इस बार के मानसून सत्र को अहम माना जा रहा है।सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से संचालित करने की तैयारी में जुटे स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो इस सत्र को एतिहासिक बता रहे हैं। उनका मानना है कि पंचम विधानसभा का यह कार्यकाल चूंकि अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चला है इसलिए सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रखकर सदन के एक-एक पल का सदुपयोग करेंगे।संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक 06 महीने के अंदर सदन को आहूत करना आवश्यक है।

इस वजह से सामान्य तौर पर विधानसभा का सत्र बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के रूप में बुलाया जाता है। आम तौर पर बजट सत्र को छोड़कर मानसून और शीतकालीन सत्र कम दिनों का बुलाया जाता है। इसके कारण सदन में सभी विधायक अपने सवाल नहीं रख पाते हैं। इस बार भी सदन की कार्यवाही महज पांच कार्यदिवस का होगा जिसमें सभी विधायक के द्वारा प्रश्न रखना मुश्किल है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि सदन में विधायक सवाल रखें।

इतने कम दिनों के इस मानसून सत्र में 82 विधायक कैसे सवाल रख पाएंगे। पंचम विधानसभा में अब तक बगैर नेता प्रतिपक्ष के सदन चलता रहा है। ऐसे में हर बार सदन शुरू होने से पहले यह चर्चा होने लगती है कि झारखंड विधानसभा का यह कार्यकाल क्या बगैर नेता प्रतिपक्ष का ही समाप्त हो जाएगा। इन सबके बीच बाबूलाल मरांडी के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद नेता प्रतिपक्ष को लेकर एक नए सिरे से बीजेपी के दूसरे बड़े नेताओं को जिम्मेदारी मिलने की चर्चा शुरू हो गई है। अगर ऐसा होता है तो नेता प्रतिपक्ष को लेकर छाया ग्रहण दूर हो जाएगा। गौरतलब है कि बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता मनोनीत कर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अनुशंसा कर रखी है। मगर स्पीकर कोर्ट में चल रहे दल बदल के मामले की वजह से बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष की स्वीकृति अब तक नहीं मिली है। मानसून सत्र का कार्यकाल भले ही छोटा है। मगर विपक्ष की तैयारी को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि सदन की कार्यवाही हंगामेदार होगी।

## पेज एक का शेष

### भाजपा विरोधी नये गठबंधन का ...

राज्यसभा नेता डेरेक ओ ब्रायन ने एक ट्वीट में नाम बदलने का संकेत दिया। उन्होंने लिखा, चक दे! इंडिया।

इससे पहले कल श्रीमती गांधी द्वारा आयोजित रात्रिभोज में पूर्व की मनाही के बाद भी ममता बनर्जी शामिल हुई। कुछ दिन पहले ही ममता की सर्जरी भी हुई थी। इसी बीच वह तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ बेंगलुरु पहुंचे। विपक्षी खेमे की बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक कई लोग शामिल हुए। वहीं सोनिया के बुलावे पर ममता भी इस डिनर में शामिल हुईं। उन्होंने डॉक्टरों की सलाह को लगभग नजरअंदाज कर दिया और डिनर करने चले गए। वह कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बगल वाली कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। वैसे आज की बैठक में नेताओं के बैठने के स्थान पटना की बैठक से अलग होने के भी अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं।

### पायलट अस्वस्थ तो .. .. ..

यात्री सुरक्षित हैं। अब विमान कैसे उतरा, इसकी जांच चल रही है। लेकिन अगर महिला मदद के लिए आगे नहीं आती तो बड़ा खतरा हो सकता था। वह आपातकालीन स्थितियों में विमान का नियंत्रण अपने हाथ में ले लेता है। उन्होंने बहुत साहस के साथ यह काम किया। नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष .. ..

पार्टियों ने हमेशा उनके साथ अन्याय किया और भारत को इसके दुष्परिणाम भुगतने के लिए मजबूर किया।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी 26 विपक्षी दलों के लिए थी, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक संयुक्त रणनीति बनाने के लिए आज बेंगलुरु में बैठक कर रहे हैं। श्री मोदी ने आरोप लगाया, जब किसी एक राज्य में इनका कुशासन उजागर होता है तो दूसरे राज्यों के ये लोग तुरंत उसके बचाव में तर्क देने लगते हैं। उनका केवल एक ही विचारधारा और एजेंडा है, अपने परिवार को बचाना तथा परिवार के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ाना देना। तमिलनाडु में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हालिया छापेमारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अब भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हो रहे हैं, लेकिन वे (विपक्ष) पहले ही क्लीन चिट का दावा कर चुके हैं। श्री मोदी ने दावा किया कि देश की जनता ने 2024 के चुनाव में एक बार फिर हमारी सरकार को वापस लाने का मन बना चुकी है।

### मणिपुर में फायरिंग .. ..

किलोमीटर दूर है। चूंकि वे आगे नहीं बढ़ सके, इसलिए चिलचिलाती गर्मी का सामना करते हुए सड़क के बीच बीच धरना देकर उनका आंदोलन जारी रहा। उन्होंने तब तक धरना देने का फैसला किया जब तक मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह या उनके एक सहयोगी उनसे मिलने नहीं आते और वर्तमान संकट के बारे में उनसे गुहार नहीं लगाते। हालांकि, वे जिन लोगों से मिलना चाहते थे, उनमें से कोई भी नहीं आया था।मुख्यमंत्री के इस्तीफे के समय, बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी, सीएम सचिवालय पर धावा बोल दिया गया था और सीएम को अपने पद से इस्तीफा नहीं देने की मांग के साथ नारे लगाए गए थे। जगह एक शांत क्षेत्र है। लेकिन हैरानी की बात है कि हमें सीएम सचिवालय या सीएम के बंगले पर मार्च करने की अनुमति नहीं है। हम मुख्यमंत्री से बात करने के इरादे से सड़क पर आए थे क्योंकि स्थिति हर दिन खराब होती जा रही है।

खामेनलोक में हाल ही में अपने पति और प्रियजनों को खोने वाली नौ माताओं ने कहा कि वे यहां एक ज्ञापन सौंपने और मुख्यमंत्री से बात करने आई हैं। हालांकि, रैपिड एक्शन फोर्स और राज्य पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा चिंगा मथाक में रैली को बाधित करने से उनकी शांति पहल विफल हो गई है।

दूसरी ओर, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में निर्दोष लोगों की हत्या और आसपास के इलाकों में राजमार्ग अवरुद्ध किए जाने की निंदा करते हुए कहा कि सरकार राजमार्ग को अवरुद्ध करने में शामिल समूहों और व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। सुरक्षा मामलों की समीक्षा के लिए सचिवालय में विधायकों, सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में, सीएम बीरेन सिंह ने जमीनी स्थिति की समीक्षा की और हाल के दिनों में मारे गए व्यक्तियों को गंभीरता से लिया।

### कृत्रिम अंग अब और .. .. ..

केवल कुछ ही गतिविधियों के उपलब्ध होने पर अक्सर अविश्वसनीय होते हैं। अवशिष्ट अंग में शेष मांसपेशियां बायोनिक हाथों के नियंत्रण का पसंदीदा स्रोत हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि मरीज अपनी इच्छानुसार मांसपेशियों को सिकोड़ सकते हैं, और संकुचन से उत्पन्न विद्युत गतिविधि का उपयोग कृत्रिम हाथ को यह बताने के लिए किया जा सकता है कि क्या करना है, उदाहरण के लिए, खोलना या बंद करना। उच्च विच्छेदन स्तरों पर एक बड़ी समस्या, जैसे कि कोहनी से ऊपर, यह है कि हाथ और हाथ के कार्य को वास्तव में बहाल करने के लिए आवश्यक कई रोबोटिक जोड़ों को आदेश देने के लिए बहुत सारी मांसपेशियां नहीं बची हैं।

सर्जनों और इंजीनियरों की एक बहु-विषयक टीम ने बचे हुए अंग को फिर से कॉनफि गर करके और कृत्रिम अंग को विद्युत और यांत्रिक रूप से जोड़ने के लिए सेंसर और एक ढांचा प्रत्यारोपण को एकीकृत करके इस समस्या को हल किया है। वहां के आस पास की तंत्रिकाओं को विच्छेदित करके और उन्हें जैविक एम्पलीफायरों के रूप में उपयोग किए जाने वाले नए मांसपेशी लक्ष्यों में पुनर्वितरित करके, बायोनिक कृत्रिम अंग अब बहुत अधिक जानकारी तक पहुंच सकता है ताकि उपयोगकर्ता अपनी इच्छानुसार कई रोबोटिक जोड़ों को कमांड कर सके। इस शोध का नेतृत्व स्वीडन में सेंटर फॉर बायोनिक्स एंड पेन रिसर्च (सीबीपीआर) के संस्थापक निदेशक, ऑस्ट्रेलिया में बायोनिक्स इंस्टीट्यूट में न्यूरल प्रोस्थेटिक्स रिसर्च के प्रमुख और स्वीडन में चाल्मर्स यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में बायोनिक्स के प्रोफेसर प्रोफेसर मैक्स ऑर्टिज कैटलन ने किया था। इसमें बताया गया है कि आस पास की विभिन्न मांसपेशी लक्ष्यों के लिए तंत्रिकाओं को रिवायर करना न केवल संभव है, बल्कि बेहतर कृत्रिम नियंत्रण के लिए भी अनुकूल है। सर्जरी के समय न्यूरोमस्कुलर निर्माण में प्रक्रियाएं और एंबेड सेंसर, जिसे हम ऑसियोइंटीग्रेटेड इंटरफेस के माध्यम से कृत्रिम अंग की इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से जोड़ते हैं। एआई एल्गोरिदम बाकी का ख्याल रखता है। इस तरह का ढांचा शरीर के साथ कृत्रिम अंग के आरामदायक और अधिक कुशल यांत्रिक कनेक्शन की अनुमति देता है।

### तेंदुआ नजर आने के ... .. ..

एक ट्वीट में लिखा, बादामवारी पार्क-हरि पर्वत अक्ष के पास कुछ स्थानीय लोगों ने एक तेंदुए को देखा है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों से अनुरोध है कि वे घर के अंदर रहें और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। पुलिस टीमें काम पर लगी हुई हैं। वन्यजीव अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और वे इसे सुरक्षित रूप से बचाने के रास्ते पर हैं। अधिकारी ने कहा, वन्यजीव विशेषज्ञों की एक टीम को इलाके में भेजा गया है, हम प्रत्यक्षदर्शियों से बात करेंगे और पुष्टि होने पर हम बचाव अभियान शुरू करेंगे। विशेष रूप से, श्रीनगर पुलिस ने एक ट्वीट में लिखा, बादामवारी पार्क-हरि पर्वत अक्ष के पास कुछ स्थानीय लोगों ने एक तेंदुए को देखा है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों से अनुरोध है कि वे घर के अंदर रहें और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। इस बीच अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक तेंदुए के अनियंत्रित होकर भाग जाने से कम से कम 12 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के पहलगाम इलाके के सल्लर गांव में हुई है। अधिकारियों ने कहा कि तेंदुआ वन क्षेत्र से बाहर निकला और लोगों पर हमला किया, जिसमें से 12 लोग घायल हो गए।

## शहर >> अपडेट

### थाना प्रभारी के रुप में दिनेश ठाकुर ने किया पदभार ग्रहण

**चांडिल :** चांडिल थाना प्रभारी के रुप में मंगलवार को दिनेश ठाकुर ने किया पदभार ग्रहण किया। इस दौरान चांडिल थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मियों व अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। पदभार लेने के बाद थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि अपराध पर लगाम लगाने, सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देने व अवैध कारोबार पर लगाम लगाने की बात कही।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एक दिवसीय जागरूकता व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**कसमार :** प्रदान संस्था, एसबीएम एवं सीएचसी कसमार के द्वारा एक दिवसीय जागरूकता स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रदान संस्था, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एवं स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) कसमार के द्वारा कसमार प्रखंड के हिसीम, मुरहुलसुदी एवं खैराचातर पंचायतों के विभिन्न गांवो में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बरसात में गंदे पानी से होने वाली बीमारियों एवं उसके रोकथाम, शुद्ध पेयजल के लिए गर्म पानी या फिल्टर का उपयोग, घरेलु शौचालय का उपयोग करें, खुले स्थान पर स्नान बंदी, मासिक भस्मिकरण पेड नस्ट, एवं बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान जैसे मुद्दों पर आयोजन किया गया। उसके उपरांत कैंप में आये सभी ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच कर उनका स्वास्थ्य संबंधित सुझाव व दवा दिया गया और स्वच्छ पानी संबंधित पानी का पीएच जांच किया गया, इस कैंप को मुख्यरूप प्रशिक्षक के रूप में प्रदान संस्था से सायन्तनी, उर्मिला कुमारी वास कोऑर्डिनेट, उपासी देवी, संकुंतला देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, इंदु देवी, सुनीता कुमारी, चंपा देवी उपस्थिति थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### उद्यमियों को औद्योगिक नीति का लाभ उठाने के लिए किया

**बोकारो :** जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र के सभागार में बोकारो औद्योगिक संघ एवं चैंबर आफ कामर्स के साथ औद्योगिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए बैठक आयोजित किया गया। मौके पर अध्यक्ष, एससी-एसटी उद्यमी विकास संघ बालीडीह बोकारो, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती बालीडीह, अध्यक्ष, जैनामोड चैंबर ऑफ कामर्स, जैनामोड, अध्यक्ष झा० स्मॉल टाइनी सर्विस एंड बिजनेस इंटरप्राईजेज एसोसिएशन, अध्यक्ष, उद्यम संकल्प, बियाडा, बालीडीह, अध्यक्ष, बोकारो चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, बालीडीह, बोकारो शामिल हुए। महाप्रबंधक श्री प्रसाद ने जिला के औद्योगिक संघ के पदाधिकारीगण को स्वागत करते हुए झारखंड सरकार के पॉलिशी पर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

**पड़ताल** चांडिल के बिरिगोड़ा स्थित मिनी शराब फैक्टरी का एसपी आनंद प्रकाश ने किया निरीक्षण, कहा

# शराब माफियाओं को उखाड़ फेंका जाएगा

- नकली शराब बनाने की विधि तथा वेयरहाउस के मालिक की जानकारी ली
- अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** बीते दिनों चांडिल थाना क्षेत्र के बिरिगोड़ा स्थित एक वेयरहाउस में संचालित हो रही मिनी शराब फैक्टरी का भांडा फूटने के बाद पूरे कोल्हान प्रमंडल में चचाओं का बाजार गर्म है। इसी मिनी शराब फैक्टरी के चलते चांडिल थाना प्रभारी अजित कुमार पर विभागीय कार्रवाई भी हुई। थाना प्रभारी अजित कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। अब जिले में अवैध शराब के खिलाफ स्वयं एसपी आनंद प्रकाश ने कमर कस ली है और लगातार थानेदारों को दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं। मंगलवार को एसपी आनंद प्रकाश ने स्वयं बिरिगोड़ा के मिनी शराब फैक्टरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उत्पाद अधीक्षक अजय कुमार, एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो, थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर समेत सशस्त्र बल शामिल थे। इस दौरान एसपी आनंद प्रकाश ने मिनी शराब फैक्ट्री का निरीक्षण किया। नकली शराब बनाने की विधि तथा वेयरहाउस के मालिक की जानकारी ली। एसपी आनंद प्रकाश ने अधिकारियों को तत्काल जमीन मालिक समेत क्षेत्र के तमाम शराब माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए जेल भेजने का निर्देश दिया।

**शराब माफियाओं की खैर नहीं, उखाड़ फेंका जाएगा**

एसपी आनंद प्रकाश ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिले में शराब माफियाओं को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। बीते पंचायत चुनाव के समय भी चांडिल थाना क्षेत्र के आसनबनी में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया था।

### अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री में उत्पाद विभाग ने किया छापेमारी, दो गिरफ्तार



**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के काठजोड़ खड़िया बस्ती में मंगलवार सुबह उत्पाद विभाग के निरिक्षक निर्भय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री का भांडाफोड़ किया। इस दौरान 31 पेटियों में आरएस, एमसी, आईबी, आरसी समेत अन्य ब्रांडों का शराब बरामद किया।

इसके साथ ही इन ब्रांडों के कॉर्क, ढक्कन और लेबल स्टीकर भी बरामद किया गया। साथ ही नकली शराब बनाने के लिए उपयोग में लाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को उत्पाद विभाग ने जब्त कर लिया। निर्भय कुमार सिन्हा ने बताया कि छापामारी के दौरान दो व्यक्ति काठजोड़ निवासी कान्हाई सिंह और पाथरडीह निवासी मोतीलाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज फटाफट

### चौका पुलिस ने दो फरार आरोपी को भेजा जेल



**चांडिल :** चौका थाना क्षेत्र के बानसा स्थित कोल्हान माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड में लोहा चोरी करने के दो फरार आरोपी को चौका पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि इस मामले में पुलिस ने सोमवार को ही दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस संबंध में चौका थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए आरोपियों में चिरुगोड़ा निवासी प्रकाश महतो और धौनी हेंब्रम उर्फ धानु मांझी शामिल हैं जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### प्रखंड सभागार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बेड़ो :** पारस हॉस्पिटल एचईसी रांची के द्वारा प्रखंड के सभागार में मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। शिविर में डॉक्टर हर्ष जनरल फिजिशियन के नेतृत्व में छह सदस्यी चिकित्सा टीम के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव से आए हुए 110 लोगों का निशुल्क चिकित्सा जांच किया गया। साथ ही उनका बीपी, शुगर एवं कुछ लोगों का ईसीजी टेस्ट भी किया गया। इसके पूर्व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा फीता काटकर व शिविर में सबसे पहले विधायक स्वास्थ्य जांच कर शिविर की शुरूआत किया। वहीं मौके पर पारस हॉस्पिटल के मार्केटिंग डिपार्टमेंट से अभिषेक रंजन से आग्रह किया कि इस तरह का कैंप मांडर विधान सभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में आयोजित करें। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब गुरबा को चिकित्सये लाभ निःशुल्क मिल सके। मौके पर बीड़ीओ डॉ प्रवीण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की, नवल किशोर सिंह, प्रो करमा उरांव, जिला परिषद सदस्य वेरोनिका उरांव, रूसतम अंसारी, पंचु मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

### हेल्पिंग हैंड्स ने किया पौधारोपण

**चास :** हेल्पिंग हैंड्स चास बोकारो चैप्टर ने मंगलवार को श्री श्मशान घाट काली मंदिर के परिसर में गोपाल मुरारका की अध्यक्षता में पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में 25 से अधिक पौधे आम, काजू, छतनी, नीम, सागवान के लगाए गए। मौके पर गोपाल मुरारका ने कहा कि प्राकृतिक को गंवा कर हम अपने जीवन एवं स्वास्थ्य को संकट में डाल रहे हैं। विकास के नाम पर बोकारो में बहुत सारे पेड़ पौधे को काट दिए गए हैं। यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि हम हाथों में कुल्हाड़ी लेकर छांव ढूंढ रहे हैं। मौके पर महेंद्र सोमानी, लखन माहथा, धर्मवीर गुप्ता, शंभू कुमार, शुभम सागर, मुन्ना कुमार, कार्तिक आदि सभी ने पौधे लगाएं।

### दलित शोषण मुक्ति मंच पोंडा पंचायत कमेटी का गठन



**कसमार :** कसमार प्रखंड के धधकिया में मंगलवार को दलित शोषण मुक्ति मंच की बैठक बेनी लाल कपरदार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में दलित शोषण मुक्ति मंच के कसमार प्रखंड सचिव विशुन कपरदार, उपाध्यक्ष प्रेमचंद घांसी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से पोंडा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष बेनी लाल कपरदार सचिव राजेंद्र रजवार, उपाध्यक्ष महावीर रजवार, दुश दास तुरी, सचिव राजेंद्र रजवार, संयुक्त सचिव सागर रजवार, दिलीप तुरी, कोषाध्यक्ष शंकर रजवार एवं सदस्य काशी नाथ रजवार, तेजु राम ऊपर दार, नारायण रजवार महावीर रजवार, संतोष रजवार, मुरारी राजवार, दीपक रजवार, राजेंद्र तरी, गणेश तुरी, फुलंद तुरी बनाए गए।

## विधायक ने विभिन्न पंचायत में किया योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**तुपकाडीह :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत तॉतरी उत्तरी, खुटरी, गायछंदा आदि पंचायतों में क्षेत्र के चहुमुँखी विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह ने किया। श्री सिंह ने कहा कि लोग क्षेत्र की समस्याओं को बताए। उस समस्या का निदान किया जाएगा। विधायक ने तॉतरी उत्तरी स्थित घावटांड में कैलाश सिंह के घर के सामने डीप बोरिंग सहित सौर ऊर्जा संचालित टंकी का निर्माण, खुटरी पंचायत शिव मंदिर रोड़ में बानेश्वर महतो के घर के बगल से आंगनबाड़ी केंद्र तक पीसीसी रोड का निर्माण, गायछंदा पंचायत में गायछंदा उ०म० विद्यालय के सामने डीप बोरिंग सहित सौर ऊर्जा संचालित टंकी का निर्माण का शिलान्यास के अलावा गायछंदा पंचायत तिरो बांघटांड में पूर्व में बने विधायक मद से विप्र दास स्मृति भवन का मरम्मती कार्य का उदघाटन किया। मौके पर निरंजन मिक्षा, अकबर अंसारी, आयुष माथुर, अमर मिक्षा, मुखतार अंसारी, मुखिया गिरेंद्र मिक्षा, अप्पू दुबे, मनोज दिगार, जगदीश महली, राजेश सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

झारखंड लोक कलाकार संघ ने संस्कृति सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के विज्ञापन का किया विरोध

## कला संस्कृति विभाग का खेल, नगाड़ा ढोल शहनाई को बचाने में हो गया फेल: प्रभात

राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत सरकार द्वारा संपोषित सांस्कृतिक संस्था एवं प्रशिक्षण केंद्र झारखंड कला मंदिर होटवार रांची में विभिन्न कला विधाओं में प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों संगीतकारों के चयन एवं पैनल निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें यहां के प्रमुख जनजाति एवं क्षेत्रीय लोक नृत्य जैसे संथाली नृत्य खड़िया नृत्य, हो नृत्य, मानभूम, छौ नृत्य, खोरठा नृत्य, पंचपरगनिया नृत्य, कुरमाली नृत्य, पाता झूमर, घोड़ा नृत्य तथा लोककला वाद्य यंत्र में शहनाई टोहिल्ला इत्यादि गायब है और वेस्टर्न गिटार कीबोर्ड ऑर्गन ड्रम ऑक्टोपैड वादन को प्राथमिकता दिया गया है। झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव सह अंतर्राष्ट्रीय छऊ नृत्य कलाकार प्रभात कुमार महतो ने सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय लोक नृत्य तथा लोक कला वाद्य यंत्र को भी शामिल करने के लिए निदेशक संस्कृति, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड रांची को मांग पत्र सौंपा है। साथ ही निदेशालय से भी जानना चाहता है कि सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड की कला संस्कृति को बचाने सजाने संवारने के लिए हैं कि वेस्टर्न संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए है। हमारे झारखंड के ढोल, ढांक, नगाड़ा, शहनाई बजाने वाले जनजातीय एवं क्षेत्रीय लोक कलाकारों को जब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को स्वागत की बारी आती है तो खोजा जाता है लेकिन इन कलाकारों को सरकार के पास बचाने के लिए कोई योजना नहीं है। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के तरह झारखंड सरकार का खेल निदेशालय भी है, लेकिन कभी भी खेल निदेशालय क्रिकेट जैसे काफी लोकप्रिय एवं महत्वपूर्ण खेल होने के बावजूद खेल निदेशालय द्वारा बाहर के खेलों को बढ़ावा देने के लिए कभी भी कोई आयोजन नहीं कराती है तो सांस्कृतिक कार्य निदेशालय इतने महंगे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिलाने के लिए योजना बना रही है। जहां एक ओर ढोल, ढाक, नगाड़ा, मांदर 4000 से 5000 में मिलता है। वही कीबोर्ड, ऑक्टोपैड, ड्रम वेस्टर्न गिटार 80,000 से 1,00000 में आता है तो क्या वास्तव में जो कलाकार है इतना पैसा लगा कर खरीद सकते हैं।

## गांधी, विनोबा, जेपी के विरासत बचाने को लेकर सत्याग्रह




राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** सर्वोदय मंडल बोकारो की ओर से उत्तर प्रदेश सर्व सेवा संघ वाराणसी स्थित गांधी, जेपी, विनोबा के विरासत को ध्वस्त एवं कब्जा करने के खिलाफ सेक्टर 4 स्थित गांधी मूर्ति के समक्ष एक दिवसीय सत्याग्रह किया गया। इस अवसर गांधी जेपी विनोबा के राजघाट बनारस स्थित अखिल भारतीय सर्व सेवा संघ व गांधी विद्या संस्थान की संपत्ति व विरासत को खत्म करने की उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तर रेलवे से 1960 में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, लालबहादुर शास्त्री व विनोबा ने रजिस्टर डीड के माध्यम से जमीन खरीदी थी, उसे वाराणसी प्रशासन ने जाली दस्तावेज करार कर ध्वंस करने की नोटिस जारी कर दिया। जिसके खिलाफ देशभर में आंदोलन चल रहा है। इसका गांधी विचारधारा को समाप्त करने की साजिश करार देते हुए विरोध व निंदा की गई। साथ ही अपील की गई कि इसका हर नागरिक को विरोध करना चाहिए। सत्याग्रह की अध्यक्षता स्वराज इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत वर्मा व संचालन सर्वोदय मंडल के जिला मंत्री महावीर कुमार ने किया। सत्याग्रह में अरूण किशोर, पुन्यानंद दास, राजीव भूषण सहाय, सतीश आजाद, मो. सहीद अंसारी, रमाशंकर शर्मा आदि शामिल थे।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर एसडीओ कार्यालय का घेराव

▶▶ ग्रामीणों के समर्थन पर धरना में बैठे विधायक

राष्ट्रीय खबर

**चास :** चास प्रखंड स्थित चंदहा पंचायत में जमीन अतिक्रमण को लेकर एक मामला सामने आया। जहां वर्ष 2018 से चास अनुमंडल कार्यालय में मामला चल रहा था। इस मामले में मंदिर पक्ष के लोगों को न्यायालय से डिग्री मिला था। इसके बाद अतिक्रमण किए हुए पांच लोगों को हटाने की गुहार मंदिर कमेटी के ग्रामीण द्वारा जिला प्रशासन से लगते रहे। लेकिन ग्रामीण और विधायक अमर बाउरी की माने तो जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाने को लेकर बार-बार टालमटोल करते रहे। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने चास स्थित एसडीओ कार्यालय का घेराव करते हुए धरना पर बैठ गए। और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों में काफी रोष देखा गया। चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी ने भी ग्रामीणों के समर्थन में धरना पर बैठ गए। इधर ग्रामीणों के साथ विधायक को धरना में बैठा देख अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिसमें चास एसडीओ, चास सीओ और एसडीपीओ के साथ विधायक की वार्ता हुई। वार्ता में अधिकारियों ने 7 अगस्त तक समय मांगा। चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि इस मामले को लेकर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण किए हुए जगह को खाली कराने का काम किया जाएगा।

### तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**बोकारो :** तंबाकू मुक्ति अभियान के तहत आम जनमानस को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता के लिए जागरूकता रथ को सिविल सर्जन कार्यालय परिसर से सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद एवं तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. सेलिना टूडू ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से चास, चंदनकियारी एवं जारीडीह के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कोटपा के विभिन्न धाराओं, तंबाकू छोड़ने के उपाय एवं ई-सिगरेट संबंधित जानकारी दी जाएगी। जिला परामर्शी मोहम्मद असलम ने बताया कि यह जागरूकता रथ चार प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करेंगी। इस दौरान डॉ. एनपी सिंह, डॉ. उत्तम कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला परामर्शी मो. असलम, जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा, छोटे लाल दास अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### बारपोखर गांव में लाखों रुपए की हुई चोरी

**चास :** पिंड्रोजारा थाना अंतर्गत बारपोखर गांव में विद्याधर महतो, महादेव महतो और मनोहर महतो तीनों भाइयों के आवास में चोरों ने लाखों रुपए की चोरी कर ली। घटना को लेकर विद्याधर महतो ने बताया कि रात करीब 3 बजे जब मेरी नींद टूटी तो देखा कि घर का दरवाजा टूटा है और सभी सामान बिखरे हुए है। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना मुखिया को दी।

### बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय का 29वां स्थापना दिवस 9 को

**बोकारो :** सेक्टर 12 स्थित जन कल्याण सामाजिक संस्था के निबंधित कार्यालय में संस्था के प्रभारी एवं शिक्षकों को लेकर संयुक्त बैठक हुई। संचालन हरिशंकर प्रसाद सोनी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव परशुराम राम ने कहा कि संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय का 29वां स्थापना दिवस 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा।

**उपलब्धि** इंडियन टैलेंट ओलंपियाड 2022-23 मैं भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

# नेशनल साइंस ओलंपियाड में डीएमपीएस के 207 बच्चों ने जीते मेडल और सर्टिफिकेट

▶▶ 45 बच्चों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है

▶▶ सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट दिया गया

राष्ट्रीय खबर



**चांडिल :** शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर उमेश नगर चांडिल स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। नेशनल साइंस ओलंपियाड 2022-23 में विद्यालय के 207 बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। जिसमें 45 बच्चों ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। एसओएफ के साथ विषय के विभिन्न श्रेणी में कक्षा आठवीं की प्रज्ञा प्रभाव को सोशल साइंस में जोनल स्तर पर गोल्ड मेडल और पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिली। शेष सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट दिया गया। एसओएफ की सारी परीक्षाएं कोऑर्डिनेटर सीनियर शिक्षक सुनील कुमार डे और उनके सहयोगी शिक्षकों के निर्देशन में संपन्न हुआ। वहीं दूसरी तरफ इंडियन टैलेंट ओलंपियाड 2022-23 मैं भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दो की अदिति रानी महतो को ड्रॉइंग में स्टेट रैंक 6 के साथ गोल्ड मेडल और 6 सौ रुपये कि छात्रवृत्ति और कक्षा टॉपर बनने का गौरव प्राप्त हुआ। जबकि कक्षा में पूर्व प्रभाव मैथ में स्टेट रैंक 9 के साथ गोल्ड मेडल और पांच सौ रुपये कि छात्रवृत्ति एवं कक्षा टॉपर हुए। परिणीता महंती, श्रेया महतो, शैय डे, प्रक्षा प्रभाव और प्राची गुप्ता को क्रमांक 16,15,12 और 10 वां रैंक हासिल किया साथ ही इन्हें एक्सीलेंस मैडल भी दिया गया। इंडियन टैलेंट ओलंपियाड की परीक्षाएं सीनियर कोऑर्डिनेटर रानी बनर्जी के निर्देशन में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति की तरफ से सभी सफल बच्चों को बधाई दी।

विद्यालय के प्राचार्य संपा बनर्जी के दिशा निर्देशन एवं नेतृत्व में हुए इन ओलंपियाड प्रतियोगिता के लिए उन्हें बेस्ट ऑफ प्रिंसिपल और विद्यालय के गोल्ड स्कूल अवार्ड दिया गया। इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से उनका बहुमुखी विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में बच्चे बच्चियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI

Very Short e-Quotation No. 03/2023-24 (2nd Call)
P.R. No. 300921 (Drinking Water & Sanitation) 23-24 (D)

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/ Jyoti/ WPIL/ Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of HSC centrifugal HT pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 24.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 25.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

Address for Communication
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR 302592 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## शहर >> अपडेट

### के बी कॉलेज में शोक सभा का आयोजन

**बेरमो** : के बी कॉलेज बेरमो के तृतीय वर्गीय कर्मचारी विक्रम कुमार सिंह के असामयिक निधन बीते देर शाम उनके आवास एम टी एस कॉलोनी, जारंगडीह मे हो गया था। जिन्हें मंगलवार को अपराह्न लगभग 3 :30 पर जारंगडीह स्थित संगम श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना के बाद महाविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता को लेकर जागरूकता रथ रवाना

**बेरमो**: मंगलवार 18 जुलाई 2023 को तंबाकू मुक्ति अभियान के तहत आम जनमानस में तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता हेतु जागरूकता रथ सिविल सर्जन बोकारो डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद तथा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर से लेना टूडू ने संयुक्त रूप से रवाना किया गया ।जागरूकता रथ के माध्यम से चास चंदनक्यारी जारीडीह के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कोटपा के विभिन्न धाराओं, तंबाकू छोड़ने के उपाय एवं ई-सिगरेट संबंधित जानकारी दी जा रही है। जिला परामर्शी मोहम्मद असलम द्वारा बताया गया कि यह जागरूकता रथ चार प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करेंगी साथ ही उनको तंबाकू के दुष्प्रभाव संबंधित आईसी का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन बोकारो डॉ अभय भूषण प्रसाद डॉक्टर एमपी सिंह डॉक्टर सेलिना टू डू डॉक्टर उत्तम कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला लेखा प्रबंधक जिला परामर्शी मोहम्मद असलम जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा छोटे लाल दास अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### रैविमो के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**बेरमो** : मंगलवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार नई की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजना पवार के झारखंड प्रवास के दौरान रैयत विस्थापित मोर्चा के उपाध्यक्ष मो इकबाल हुसैन के नेतृत्व में मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल उन से मुलाकात की और क्षेत्र के और खास कर कोलियरी एरिया में विस्थापितों के साथ सीसीएल की हठधर्मिता की जानकारी देते हुए इंसाफ दिलाने की अपील की। प्रतिनिधि मंडल की शिकायतों पर सहमती जताते हुए आयोग के उपाध्यक्ष श्रीमती पवार ने कहा कि मजदूरो का भरपूर सोशन किया जा रहा है यह मामला आयोग के संज्ञान में है और जल्द ही आपको इस पर कार्यवाही देखने को मिल सकती है। कही कि सबसे अधिक सोशन सफाई कर्मचारियों की हो रही है।

### जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी

**पतरातू** : विधायक अंबा प्रसाद ने पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित आवासीय कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को लगने वाली जनता दरबार के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी। पतरातू स्थित आवास में प्रखंड क्षेत्र तथा जिले के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से विधायक ने मुलाकात कर बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव व निर्देश दिया। इस दौरान कई लोगों ने बिजली, पानी, सड़क तथा अन्य महत्वपूर्ण मामलों से जुड़ी समस्याओं से विधायक अंबा प्रसाद को अवगत कराया जिस पर विधायक ने कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया। वही इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आम जनमानस के सीधे संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को सुनने व समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है और इसी कड़ी में प्रत्येक सोमवार को पतरातू स्थित आवास में जनता दरबार लगाया जा रहा है।

---

**अपराध**

### अमन साव गैंग को पकड़ने के दौरान

# शूटरों ने की पुलिस पर फायरिंग,डी एस पी एवं सब इंस्पेक्टर हुए घायल

▶▶ संगठित आपराधिक गिरोह पर नकेल लगाई गई

▶▶ अपराधी फायरिंग करते हुए घने जंगलों की ओर भाग गए

राष्ट्रीय खबर



**पतरातू** : पतरातू क्षेत्र में लेवी के नाम से संगठित आपराधिक गिरोह द्वारा पिछले कई वर्षों कई सारे घटना को अंजाम देते हुए। एवं वर्चस्व की लड़ाई में आपराधिक गिरोह द्वारा गैंगवार को भी अंजाम दिया गया है। बदलते वक्त के साथ जिला पुलिस कप्तान के रूप में कई सारे अधिकारी आए एवं संगठित आपराधिक गिरोह पर नकेल लगाई गई। परन्तु इन आपराधिक गिरोह द्वारा क्षेत्र में आए दिन आपराधिक घटना को अंजाम दे देते है।

जानकारी के अनुसार 17 तारीख देर शाम तकरीबन साढ़े 8 बजे एटीएस ( एंटी टेररिस्ट स्क्वाड ) को सूचना प्राप्त हुई कि ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शरद कुमार की हत्या में शामिल अमन साव गैंग के शूटर डाड़ीडीह गाँव के महुआ मोड़ में छिपे हुए थे। सूचना पाकर ए टी एस टीम के द्वारा महुआ मोड़ पर गैंग के शूटरों को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी तभी अचानक मोड़ पर अमन साव गैंग के शूटरों द्वारा ए टी एस टीम पर फायरिंग शुरू कर दिया गया।

अचानक हुए इस फायरिंग की वजह से ए टी एस टीम के डी एस पी नीरज कुमार के पेट मे गोली लगने से एवं रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार को पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अपराधी फायरिंग करते हुए घने जंगलों की ओर भाग गए। जानकारी के अनुसार घायल हुए डी एस पी नीरज कुमार एवं सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार को बेहतर इलाज के लिए राँची स्थित मेडिका अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए सभी जिलों को अलर्ट कर विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

---

### जानलेवा बन गया है कथारा-बीटीपीएस मार्ग



**बेरमो /कथारा** : लापरवाह जन प्रतिनिधियों और उदासीन प्रशासन तंत्र के कारण इन दिनों बोकारो जिला के कथारा-बीटीपीएस मार्ग जानलेवा हो गया है। उक्त मार्ग पर बड़ा गड्ढा बन जाने का खामियाजा उक्त मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कथारा मोड़ से महज सौ मीटर की दुरी पर बोकारो थर्मल मार्ग से सटे हनुमान मंदिर के समीप एक हीं जगह सड़क पुरी तरह गड्ढे में तब्दील हो गया है। जिसके कारण अबतक दर्जनों दोपहिया बाईक c स्कूटर चालक उक्त गड्ढे में गिरकर घायल हो गये हैं।बताया जाता है कि उक्त गड्ढा में कथारा मोड़ के दुकानों तथा होटलों से निकले नालियों का पानी तथा बारिश का पानी जमा होने के कारण उक्त सड़क यहां काफी खतरनाक हो गया है। ऐसे में उक्त मार्ग से गुजरने वाले खासकर दोपहिया तथा चारपहिया वाहन चालकों को उक्त सड़क में बने गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता है।जिस कारण जहां एक ओर दोपहिया वाहन चालक उक्त गड्ढा में गिरकर घायल हो रहे हैं वहीं चारपहिया वाहन उक्त गड्ढे में फंस जा रही है। जब काफी मशक्कत के बाद वाहन को गड्ढा से बाहर निकाला जाता है जिसके कारण उक्त वाहन में टूट फुट हो चुका होता है।इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता शमशुल हक, भाजपा नेता राजेश पांडेय, कथारा मोड़ स्थित बी एस सिटी लैब संचालक विनोद कुमार, सीसीएल कर्मी राकेश कुमार, स्थानीय निवासी दिगंबर चौधरी सहित दर्जनों लोगो ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों की लापरवाही, डीवीसी प्रबंधन तथा प्रशासनिक अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण ही उक्त सड़क पर जानलेवा गड्ढा बन गया है। जो अब जानलेवा बन गया है। लोगो के अनुसार उक्त मार्ग पर दो पेट्रोल पंप के अलावा रेलवे स्टेशन, डीवीसी का बोकारो थर्मल प्लांट सहित सीसीएल की परियोजना संचालित है। जिसके कारण उक्त मार्ग से आवागमन उनकी मजबूरी है।

---

## विस्थापित महिला मोर्चा ने किया चक्का जाम आंदोलन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा** : सीसीएल कथारा स्लरी रोड सेल में विस्थापित महिला मोर्चा का एक दिवसीय चक्का जाम आंदोलन किया गया। लेकिन जब तक आंदोलनकारी कांटा घर पहुंचते इसके पहले ही 50 ट्रकों की इंट्री करा दी गई थी। जिसके कारण मोर्चा के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व कर रही महिला नेत्री कांति सिंह और संघ के अध्यक्ष राजेश्वर रविदास ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन ने संघ व मोर्चा के साथ वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसकी लिखित जानकारी सीसीएल सीएमडी सहित संबंधित जांच एजेंसी को दी जाएगी। आंदोलन को लेकर कथारा ओपी पुलिस आंदोलन स्थल पहुंची और आंदोलन को शांत कराने की कोशिश करती रही। आंदोलन में बबलू यादव, शमसेर आलम, तारा देवी, शांति देवी कौशल्या देवी, गुंजा देवी, रमनी देवी, कलवातिया देवी, शैरुन निशा, दौलती देवी, बेबी देवी, सुमित्रा देवी, अनवर अंसारी, नरेश यादव, रघु गिरी, दिनेश रविदास, अनिल यादव, मनोज गिरी, राजेंद्र रविदास, ऋषि साव, प्रकाश रविदास, फरीद अंसारी, सुभद्रा देवी, छाया देवी, सुदामा देवी आदि शामिल थे।

---

### झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की बैठक

## रूढ़िवादी बातों से समाज को बचने के लिए लोगों को किया गया जागरूक



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** :डाड़ी स्थित तपेश्वर प्रजापति के निवास पर झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता बसंत कुमार प्रजापति और संचालन कौलेश्वर प्रजापति द्वारा की गई.बैठक में अपने संघ का पुनर्गठन और मजबूती प्रदान करने सहित समाज को पुरानी रूढ़िवादी, दकियानुसी,विचारो को त्यागकर समाज में एक दूसरे के सुख दुःख में साथ निभाने का संकल्प लिया गया.संजित कुमार ने बैठक में कहा कि प्रजापति समाज के हर सुख दुःख, जन्म-मरण, शादी-विवाह आदि में सम्मलित होकर संपन्न कराया जाएगा. इस मौके पर हजारीबाग जिलाध्यक्ष नरेन्द्र प्रजापति,संगठन मंत्री शिवकुमार प्रजापति,बसंत कुमार प्रजापति, अजित प्रजापति, तपेश्वर प्रजापति, अरबिंद कुमार, उमेश कुमार,संजीत कुमार , अंजित कुमार, बिहारी प्रजापति, ईश्वर प्रजापति, राजकुमार, सतीश कुमार प्रजापति चकचिन्धु देवी, आरती देवी,अरुण प्रजापति, काली प्रजापति, राजदेव कुमार प्रजापति,राहुल कुमार, विकास कुमार, कौलेश्वर प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

---

### बिजली संकट समाधान को लेकर लोगों ने लगाई पूर्व मंत्री से गुहार



**बेरमो /गोमिया** : विद्युत विभाग से संबंधित समस्या समाधान को लेकर बड़कीपुन्नु पंचायत के दर्जनों लोगो ने राज्य के पूर्व मंत्री से गुहार लगायी है। पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार गोमियां प्रखंड के बडकीपुनू पंचायत के सुदूरवर्ती तीन गांव के दर्जनो लोग साड़म स्थित पूर्व मंत्री के आवास में आयोजित जनता दरबार में शामिल होकर ग्रामीण हलकों में बिजली संकट से अवगत कराया। ग्रामीण ने पूर्व मंत्री सिंह से बीती रात्रि मिलकर अपनी पीड़ा सुनाई।यहां मडवाडीह, मडवाटांड व टीकाहारा के लोग उपस्थित थे। इस संबंध में उपस्थित बड़कीपुन्नू पंचायत के लोगो ने पूर्व मंत्री से कहा कि कई वर्षो से हम सभी विद्युत विभाग के उपभोग्ता है। विभाग के द्वारा कई वर्षों से बिजली कनेक्शन का बिल नही मिल रहा है।लोगो ने कहा कि इधर कुछ दिन पूर्व विद्युत विभाग के कर्मचारी गांव आये और कई उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन काट दिया।विभाग द्वारा कई उपभोक्ता को कहा गया कि दो दिन का मौहल्लत देते है। बकाया बिल जमा करे, नही तो कनेक्शन काट दिया जायेगा। लोगो ने बताया कि बकाया बिल जमा करने के लिये ललपनिया थाना पुलिस के द्वारा भी उपभोक्ताओं को कहा गया कि बकाया बिल जमा करे नही तो थाना में एफआइआर कर दिया जाएगा। कहा गया कि विभाग द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है।जिससे लोग काफी भयभीत हैं। पूर्व मंत्री सिंह ने लोगो को आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभी को निराश होने की जरूरत नही है। बहुत जल्द बिजली विभाग के संबधित अधिकारी से बात कर और लिखित आवेदन देकर समस्या का समाधान की जायेगी।

---

## एटीएस डीएसपी फायरिंग के मामले की जांच में जुटी सीआईडी की टीम



▶▶ कई संदिग्धों को लिया गया हिरासत में

▶▶ प्रदेश की पुलिस विभाग जुट गई है छान बीन में

राष्ट्रीय खबर

**बासल** : आपराधिक गिरोह के द्वारा एटीएस की टीम पर किए गए हमले की जांच सीआईडी कर रही है। मंगलवार की सुबह सीआईडी एसपी जेबीएन चौधरी पतरातू पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। पतरातू थाना क्षेत्र के खैरा मांझी द्वार खलारी रोड में डाड़ीडीह सरना उच्च विद्यालय के समीप घटनास्थल की जांच की। इस दौरान उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जानकारी के बाद टीम यहां पहुंची है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। विदित हो कि सोमवार की रात अमन साहू गिरोह के लोगों के द्वारा एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दरोगा सोनू साहू को गोली मार दी गई थी । घटना को लेकर रामगढ़ एसपी रात में घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के 10 घंटे बीत जाने के बाद सीआईडी की टीम भी घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले को लेकर पड़ताल कर रही है। जिस जगह वारदात हुई है वहां पर नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया गया है।

इस संदर्भ में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि किसी भी कीमत पर अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा पुलिस पर हमला कर यदि अपराधी यह समझ रहे हैं कि उन्हें किसी तरह से संरक्षण प्राप्त हो तो यह उनकी गलतफहमी है। हर हाल में उनकी गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। ज्ञात हो कि पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी के दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पतरातू क्षेत्र में पुलिस पर इस तरह का जानलेवा हमला पहली बार किया गया है।

पुलिस पर इस तरह से आत्मघाती हमले के बाद राज्य की पुलिस टीम में हड़कंप मच गई है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच होनी तय है पुलिस महकमे के आला अधिकारियों के बीच एक चुनौतीपूर्ण परिस्थिति उत्पन्न हो गई। पूरे प्रदेश में इस बात से हड़कंप मच गई। सीआईडी, एटीएस एवं जिला पुलिस सहित पुलिस महकमे के हर विभाग से इस घटना की छानबीन की जा रही है।

---

## पैसा के अभाव में कोई बच्ची शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी : प्रकाश



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो**: भाजपा नेता सह शान्ति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने पैटरवार प्रखंड के पिछरी दक्षिणी पंचायत के पूर्व उप मुखिया भारती कुमारी के निधन की सूचना पाकर उनकी आवास पहुंचकर मृतक के परिवार को सांत्वना देते हुए शोक प्रकट किया। कहा कि भारती कुमारी के परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। भाजपा नेता सिंह स्वर्गीय उप मुखिया के पिता सहित भाई गोविंद टुडू से मिलकर कहा कि भविष्य में किसी भी तरह का आवश्यकता समझे तो मुझे जरूर बताएं। मनुष्य वही है जो दूसरे मनुष्य काम आए। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। यहां सिंह ने पंचायत की पढ़ी-लिखी बच्चियों से भी मिले और स्वरोजगार और नौकरी के क्षेत्र में जाने के लिए जागरूक व प्रोत्साहित किया। बच्चियों से कहा कि एक टीम बनाकर आगे की पढ़ाई की तैयारी करें सफलता जरूर मिलेगी और हमारा सहयोग भी रहेगा। पैसा के अभाव में कोई बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी।

---

### 130 जूनियर अधिकारियों को जीएम बनाए जाने की जांच हो: माधवलाल



**बेरमो /गोमिया** : राज्य के पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ने कोल इंडिया के तत्कालीन चेयरमैन प्रमोद कुमार अग्रवाल के कार्यकाल में जूनियर अधिकारियों को प्रमोशन देकर महाप्रबंधक बनाये जाने के मामले की जांच कराने की मांग की है। कहा कि वरीय की जगह जूनियर अधिकारियों को प्रोमोशन देकर जीएम बनाना संदेह पैदा करता है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री, कोयला मंत्री, सीवीसी के आयुक्त सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने कोल इंडिया मुख्यालय सहित अनुषंगी इकाइयों बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल, सीमपीडीआई, एनसीएल, एसईसीएल, डब्लूसीएल व एमसीएल के 403 अधिकारियों को साक्षात्कार के लिए अलग-अलग तिथियों को बुलाया था। साक्षात्कार 3 मार्च 2023 से 12 अप्रैल तक चला। इन अधिकारियों के साक्षात्कार के बाद 133 अधिकारियों को प्रमोशन देकर महाप्रबंधक बनाया गया। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि इनमें 130 जूनियर अधिकारियों को महाप्रबंधक बना दिया गया। सिर्फ ही सीनियर हैं। उन्होंने प्रमोशन में बड़े पैमाने पर पैसे के लेनदेन का खेल होने का आरोप लगाया है।कहा कि जूनियर अधिकारियों को महाप्रबंधक बनाये जाने के कुछ ही दिन बाद प्रमोद अग्रवाल चेरमैन पद से सेवानिवृत्त हो गए। इसलिए इस बात की प्रबल अशंका है कि अवैध कमाई के लिए बडे पैमाने पर जूनियर अधिकारियों को महाप्रबंधक बनाया गया।

---

**शिलान्यास**

### फुसरो में भवन निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

# 4 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से बनेगा नया भवन

राष्ट्रीय खबर




**बेरमो**: बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने मंगलवार को राम रतन हाई स्कूल फुसरो में नए भवन का शिलान्यास किया। प्रिंसिपल मनोज कुमार साहनी सहित स्कूल प्रबंधन ने विधायक कुमार जयमंगल सिंह का स्वागत किया। स्कूल के छात्रों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि डीएमएफटी मद से 4 करोड़ 88 लाख की लागत से विद्यालय में पुराना जर्जर पड़े भवन को समतलीकरण कर यहां तीन तल्ला बिल्डिंग,18 कमरें, लैब, प्राचार्य कक्ष ,स्टोर व शौचालय बनाए जाएंगे। मौके पर विघायक सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास योजनाओं का कार्य निरंतर किया जा रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए बोकारो जिला में डीएमएफटी फंड में पर्याप्त मात्रा में राशि है। इसका उपयोग क्षेत्र के विकास में किया जा रहा है। स्कूल परिसर के अंदर में पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। 49 वर्ष पुराने राम रतन हाई स्कूल फुसरो के हालात जल्द सुधरने वाले हैं। इस राशि से स्कूल परिसर में होने वाली समस्या का स्थायी समाधान भी किया जाएगा। जिम्मेदारों का दावा है कि 7 माह में सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी।

बता दें कि राम रतन हाई स्कूल का निर्माण 1955 में करवाया गया था। सरकार ने इस स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने का दर्जा दिया है। इसके बाद से यहां व्याप्त खामियों को दूर कराने की दरकार महसूस हो रही थी। विभाग द्वारा तैयार योजना धरातल पर सिरे चढ़ने के बाद न केवल समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि यहां विद्यार्थियों को मिलने वालीं सुविधाओं में भी इजाफा होगा। स्कूल परिसर में नया भवन तैयार होने के बाद विद्यार्थियों के साथ-साथ स्कूल प्रशासन को भी पर्याप्त जगह होने से राहत मिलेगी। इस मौके पर विधायक सिंह ने ने स्कूल में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को इनाम बांटे। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए पूरी लगन और मेहनत से पढ़ लिखकर अपने जीवन का मुकाम हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल मनोज कुमार साहनी ने उनको स्कूल में शिक्षकों की कमी और अन्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता गिरजा शंकर पांडेय,थाना प्रभारी रविंद्र सिंह, बेरमो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष छेदी नोनिया, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, झामुमो नेता भोलू खान व रंजीत महतो सहित बिल्डकौन प्राइवेट लिमिटेड के नितेश कुमार सिंह सहित बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद थे।

---

### खिलाड़ियों ने जीता 4 गोल्ड, 3 सिल्वर एवं 7 ब्रांच मेडल



**रजरप्पा** : बोकारो जिले के चंदनकियारी में 15 से 16 जुलाई तक प्रथम झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 संपन्न हुआ। इस चैंपियनशिप में रामगढ़ जिला की टीम ने भी हिस्सा लिया था। इस चैंपियनशिप में रामगढ़ जिले के खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल और 7 ब्रांच मेडल जीतकर अपने जिले का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सीडी सिंह के अलावे धर्मनाथ महतो, पीसी राम, शैलेश कुमार, सहदेव मांझी, मिस मेरी, ललिता, अजय कुमार, केदार राम, मो. कमरूद्दीन, चंद्रशेखर राम करमाली, शिवलाल, अजय विजय, रामेश्वर गोप, सूरज, विश्वजीत, पंकज सहित कई खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## संपादकीय

# दिल्ली अध्यादेश दरअसल सत्ता पर कब्जे की चाल

दिल्ली अध्यादेश के मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से संविधान पीठ के विचारार्थ भेजने की बात का संकेत दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जुलाई को कहा कि वह केंद्रीय अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका को एक आधिकारिक फैसले के लिए संविधान पीठ को भेज सकता है, जो राष्ट्रीय राजधानी में सिविल सेवाओं की शक्ति उपराज्यपाल को प्रभावी रूप से देता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. ने कहा, हम इस मामले को संविधान पीठ को सौंपने के इच्छुक हैं। इस याचिका पर जब सुनवाई हो रही थी तो केंद्र सरकार ने भी अपनी तरफ से अजीब किस्म की दलीलें दी। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023 (दिल्ली सेवा अध्यादेश) का बचाव किया, जिसे 19 मई, 2023 को राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किया गया था और इसका प्रभाव दिल्ली सरकार को सेवाओं पर अधिकार से वंचित करने का है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली सरकार के हाथों अधिकारियों और नौकरशाहों द्वारा



सामना किए गए उत्पीड़न और अपमान और उससे उत्पन्न उथल-पुथल के कारण अध्यादेश पारित किया गया था। हलफनामे में कहा गया है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है, स्थिति को नियंत्रित करने और देश की छवि को बचाने के लिए केंद्र को कदम उठाना पड़ा। केंद्र का यह भी दावा है कि शीर्ष अदालत के उस फैसले के बाद, जिसमें कहा गया था कि राजधानी में सभी सेवाओं पर दिल्ली सरकार का नियंत्रण होगा, दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर आदेश अपलोड करना शुरू कर दिया और विच हंट, अधिकारियों, मीडिया का उत्पीड़न शुरू कर दिया। अधिकारियों द्वारा फैसले को प्रभावित करने के लिए परीक्षण, धमकियां और सड़क पर रुख दिखाया गया।ह्ल केंद्र का दावा है कि दिल्ली सरकार के मंत्री (सेवा) द्वारा दुर्व्यवहार के बारे में कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं और उनके कार्य शीर्ष अदालत के फैसले की भावना के विपरीत थे। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा है कि दिल्ली सरकार ने विशेष रूप से सतर्कता विभाग को निशाना बनाया, क्योंकि उसके पास ऐसी फाइलें थीं जो संवेदनशील प्रकृति की थीं, जिनमें अरविंद केजरीवाल के नए बंगले, उत्पाद शुल्क नीति मामले, दिल्ली की बिजली सब्सिडी और दिल्ली सरकार के विज्ञापनों की जांच से संबंधित फाइलें शामिल थीं। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा है कि निर्वाचित सरकार संबंधित अधिकारियों के आधिकारिक कर्तव्यों के प्रति अहंकारी रही और पूरे मामले को बेहद असंवेदनशील तरीके से संभाला, जैसा कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ बार-बार अपमान करने और उन्हें अपमानित करने के उनके कृत्य और आचरण से पता चलता है। केंद्र ने यह भी तर्क दिया है कि दिल्ली सरकार की दलीलें कानूनी और संवैधानिक आधारों के विपरीत राजनीतिक आधार पर आधारित हैं और ऐसे कानून बनाने की संसद की शक्ति पर विवाद नहीं हुआ है। केंद्र का यह भी कहना है कि अध्यादेश 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाना है और अध्यादेश पर रोक लगाने से राजधानी के प्रशासन को अपूरणीय क्षति होगी। केंद्र का यह भी तर्क है कि संसद को अनुच्छेद 239अअ में निहित प्रावधानों को लागू करने या पूरक करने के लिए कानून बनाने की शक्ति देता है। यह भी तर्क दिया जाता है कि अनुच्छेद 246(4) के तहत संसद भारत के किसी भी हिस्से के लिए, जो राज्य में शामिल नहीं है, किसी भी मामले पर कानून बना सकती है, भले ही ऐसा मामला संविधान की राज्य सूची के तहत सूचीबद्ध हो। राष्ट्रीय राजधानी पूरे देश की है और पूरा देश वस्तुतः राष्ट्रीय राजधानी के शासन में रुचि रखता है। यह व्यापक राष्ट्रीय हित में है कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई केंद्र सरकार के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी के प्रशासन में पूरे देश के लोगों की भूमिका हो। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सोमवार को अध्यादेश को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर विचार करने के लिए गुरुवार की तारीख तय की कि क्या इसे संविधान पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। अब केंद्र सरकार की दलीलों से ही साफ हो जाता है कि वह चंद अधिकारियों और उपराज्यपाल के जरिए अब भी दिल्ली पर अपना पूर्ण कब्जा चाहती हैं। मजेदार बात यह है कि कभी दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग करने वाले भाजपा के सांसद और नेता अब चुप है। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर पुलिस सहित उन विषयों पर भी चुनी हुई सरकार का नियंत्रण हो जाएगा, जैसा अब पंजाब में हो रहा है। यह किसके हितों पर कुठाराघात करेगी, इसे समझना कठिन नहीं है। लेकिन असली सवाल है कि इस विवाद से दिल्ली के मतदाताओं के बीच क्या संदेश जाता है। दिल्ली की जनता से जिस सरकार को चुना है, क्या उस जनादेश का सम्मान भी केंद्र सरकार नहीं करना चाहती है।

# काश स्मार्ट शहरों से पहले दिल्ली स्मार्ट हो पाती

देशवासियों ने एक सपना देखा था, बल्कि कहें कि दिखाया गया था। एक स्मार्ट सिटी होगी उसमें सब कुछ स्मार्ट होगा। बहुत बड़ी कार्य योजना प्रस्तुत की गई। वो खाका खींचा गया कि लगने लगा वाकई हम दुनिया में वो मिशाल पेश करेंगे जो सबके लिए नजीर बनेगी। 25 जून 2015 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की स्मार्ट सिटीज मिशन की पहल की शुरूआत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।यह 100 शहरों के बुनियादी ढांचों में सुधारऔर आर्थिक विकास को बढ़ावा देनी की मुहिम थी।

स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिए शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया। मिशन को ऐसा उदाहरण बनाने का लक्ष्य भी रखा गया कि ऐसी सिटी के अन्दर और बाहर की व्यवस्थाओं काअनुसरण हो



**ऋतुपर्ण दवे**
**पत्रकार**

ताकि नागरिकों की सबसे अहम जरूरतों एवं जीवन में सुधार करने के लिए बड़े से बड़े अवसरों को सृजित किया जा सके। मिशन के लिए 7,20, 0000 करोड़ रुपये की फंडिंग भी की गई। इसमें कृत्रिम बुद्धि के तहतआईसीटी का परिचय,आईटी कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण तो ई-गवर्नेंस के तहत ई-पंचायत, ई-चौपाल इसी तरह बुनियादी ढांचे के तहत अच्छे और साफ पानी की आपूर्ति, सभी के लिए बिजली, उचित स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, शहरी गतिशीलता, पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, आवास जैसी किफायती जीवन स्थितियां और सतत पर्यावरण जैसे जरूरी विषयों को शामिल किया गया।

सरसरी तौर पर योजना को देखने के बाद थोड़ी गुदगुदी तो होती है कि बस थोड़ा से इंताजर के बाद मेरा शहर भी सपनों का सुन्दर शहर होगा। लेकिन योजना को लागू हुए 9 बरस हो चुके हैं। सपने और हकीकत का अन्तर भी साफ झलकने लगा है। हाल की बारिश ने जिस तरह से बड़े से बड़े शहरों की पोल खोलकर रख दी है उससे तो यही लगता है कि इन्फ्रा स्ट्रक्चर के मामले में हमारी बुनियाद ही बहुत कमजोर है। केवल दिल्ली को ही एक आदर्श के रूप में रखें तो भी डर लगता है। राष्ट्रीय राजधानी का जो मंजर बीते सप्ताह बल्कि पखवाड़े में दिखा तो उसने हर किसी को डरा कर रख दिया। 41 वर्षों में महज 24 घण्टों में ही 200 मिलीमीटर बारिश का नया रिकॉर्ड तो बना लेकिन अव्यवस्थाओं की इतनी सारी पोल खुली जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य स्थानों इण्डिया गेट के आसपास की सड़कोंके मंजर से रूह कांप गई। बड़ी-बड़ी घटनाओं की तस्वीरों ने ही इतना कुछ दिखा दिया कि छोटी-मोटी पर भला कौन ध्यान देगा। कमोवेश यही स्थिति दिल्ली से सटे दूसरे महानगरों गाजियाबाद, नोएडा, गुड़गांव,फरीदाबाद की भी रही। दूसरे छोटे-मोटे शहरों खासकर पहाड़ी इलाकों के हालात तो बेकाबू और बेहद दर्दनाक दिखे।यदि दिल्ली की बात करें तो मानसून से पहले करोड़ों रुपये खर्च कर नालों की सफाई पर 10 करोड़ रुपए खर्च हुए। जलभराव से बचाने के खासे इंतजाम के दावे हुए जो 9-10 जुलाई की ही बारिश में धराशायी हो गए। हालात बद से बदतर हो गए। जब पूरे देश में स्मार्ट सिटी को लेकर दावों-प्रतिदावों का दौर चल रहा हो ऐसे में यदि देश की राजधानी में ही संसाधनों की जबरदस्त कमीं दिखे और जिम्मेदार राजनीतिक बयान दें तो फिर दूसरों को उदाहरण बनाना बेमानी सा लगता है। विचारणीय यह भी है कि अकेले दिल्ली नगर निगम में 20159 नाले रिकॉर्ड में हैं। इनमें 721 ऐसे नाले भी हैं जिनकी गहराई 4 फीट तक है। बड़े नालों की सफाई ठेके पर होती है जबकि बांकी की खुद निगम करवाता है। हालिया सफाई में सात हजार मीट्रिक टन भी गाद हटाई गई उसके बावजूद पहली ही बारिश में नालों के उफान और दिख रही गाद आसानी से देखी जा सकती है। दिल्ली की अव्यवस्था को लेकर सरकार में बैठे नुमाइंदे और नौकरशाह जो भी दावें करें वो अलग है लेकिन हकीकत भरी दिल्ली में रहने वाले या आने-जाने वाले पूरे साल देखते हैं। हाल ही में भारी बारिश के बाद दिल्ली का दिल इंडिया गेट के पास धंसी सड़क और थमते यातायात को भी देखा। पुरानी दिल्ली-गुरुग्राम रोड पर महज एक बस के खराब हो जाने से समलखा से कापसहेड़ा मे हुए ट्रैफिक जाम और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की इस रास्ते से नहीं जाने की हिदायत उदाहरण हैं।सवाल यह है कि ऐसा कब तक चलेगा? चिन्ता इसलिए भी है कि जहां वर्ष 2011 की जनगणना में दिल्ली की आबादी 1916,787,941 थी जो अब अनुमानतः 19,301,096 पार कर चुकी होगी ऐसे में मौजूदा व्यवस्थाएं और संसाधन कितने पर्याप्त हैं? निश्चित रूप से दिल्ली के मास्टर प्लान को लेकर भी लोगों के दिमाग में सवालों की बौछारें होंगी, लेकिन जवाब कौन देगा?

देश की राजधानी दिल्ली का नाम लेते ही मस्तिष्क में एक स्मार्ट तस्वीर बनती है लेकिन जिस वास्तविकता से लोग रू-ब-रू होते हैं तो अलग ही सच्चाई मुंह कड़वा कर देती है। ऐसे में स्मार्ट सिटी योजना को लेकर देखा गया सपना कितना साकार होता है इस पर लोगों के मन में तरह-तरह के विचार स्वाभाविक हैं। 100 स्मार्ट शहरों की सूची देखें जिनमें पोर्टब्लेयर, विशाखापत्तनम, तिरुपति, काकीनाडा, अमरावती, पासीघाट, गुवाहाटी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बिहारशरीफ, पटना, चंडीगढ़, रायपुर, बिलासपुर, नया रायपुर, दीव दादरा और नगर हवेली, सिल्वासा, नई दिल्ली नगर परिषद,पणजी, गांधीनगर, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा,राजकोट, दाहोद, करनाल, फरीदाबाद, धर्मशाला, शिमला, श्रीनगर, जम्मू, रांची, मंगलुरु, बेलगावी, शिवमोगा, हुबली धारवाड़, तुमकुरु, दावणगेरे, बेंगलुरु, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, कवरत्ती, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, सतना, उज्जैन,नासिक,आगरा, रामपुर, देहरादून शामिल हैं। निश्चित रूप से कइयों ने आधे से ज्यादा शहर बल्कि कहें कि भावी स्मार्ट शहर को हाल-फिलाहाल में जरूर देखा होगा ये कितने स्मार्ट हुए इसका आंकलन उन्हीं पर ही छोड़ना बेहतर होगा।


यकीनन सरकार की मंशा पर शक करना बेकार है, लेकिन उनको फलीभूत करने वाली एजेंसियों की नीयत पर सवाल उठेंगे, उठने भी चाहिए। दरअसल जिस तरह से किसी शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर तो लंबी-चौड़ी बहस होती है, ठीक वैसे ही इसे अंजाम देने वालों की कार्यप्रणाली पर भी नियंत्रण और पूरी पारदर्शिता की पहल के पुख्ता इंतजाम भी हों जिससे डिजिटल दौर में सब कुछ जैसा है वैसा ही दिखे और दिख सके। बस यही स्मार्ट सिटी का पहला और सबसे जरूरी हिस्सा है जो पारदर्शी हो। लेकिन सवला वहीं कि कैसे?

# हाथी की रस्सी कहानी

**प्रेरक-प्रसंग**

एक बार एक आदमी रास्ते से कहीं जा रहा था। रास्ते में उसे एक वयस्क हाथी दिखा, जो बहुत ही विशालकाय था, लेकिन इतना ताकतवर होने के बावजूद वह एक कमजोर रस्सी से बंधा हुआ था। वह आदमी अचानक वहाँ रुक गया।

उसे यह देख कर बहुत ही आश्चर्य हुआ कि कैसे इतना बड़ा हाथी एक कमजोर रस्सी के सहारे बंधा रह सकता है। जब कि हाथी में इतनी शक्ति होती है, कि वो बड़े से बड़े पेड़ो, पहाड़ों को हिला सकता है, वह चाहे तो जंजीरो को तोड़ सकता है और आजाद हो सकता है, लेकिन वो इन रस्सियों से बंधा हुआ है। जब कि वहां कोई जंजीर, पिंजड़ा नही है। ऐसा क्या कारण है जिसके कारण एक विशालकाय इस कमजोर रस्सी से बंधन मुक्त नही हो पा रहा है। इस कारण



को जानने के उद्देश्य से वह महावत (हाथी का प्रशिक्षक, जो हाथी को हांकता है) के पास गया और उत्सुकता पूर्वक उसने अपनी जिज्ञासा रखी।

उसके महावत से पूछा श्रीमान, यह विशालकाय हाथी जो एक सेकंड में तहस नहस कर सकता है, ऐसा क्या कारण है, जिसकी वजह से यह एक कमजोर सी रस्सी से बंधा हुआ है? और भागने की कोशिश भी नही करता?

कृपया उत्तर दें।उस आदमी की बात सुनकर महावत ने उत्तर दिया, जब यह हाथी बहुत छोटा था, तब मैं इसे इसी रस्सी के सहारे बाँधा करता था, उस समय यह रस्सी इतनी मजबूत थी, कि इसको तोड़ पाना इसके लिए बहुत ही मुश्किल था, उस समय इसने उस रस्सी को तोड़ने का भरसक प्रयास किया, कई बार चोटिल भी हुआ, पैरो से खून भी निकला, लेकिन इसके लिए रस्सी तोड़ पाना मुमकिन नही हुआ।

काफी प्रयास करने के बाद असफल होकर इसने हार मान ली और असंभव मान कर रस्सी पर जोर लगाना भी छोड़ दिया। .. .. .. **जारी।**

## नजरिया

# क्या राजस्थान में बदलेगा सत्ता बदलने का रिवाज

राजस्थान विधानसभा के चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं। चुनावों में अब कुछ महीनों का ही समय रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। प्रदेश में सत्तारूढ़ होने के कारण कांग्रेस पार्टी को सत्ता विरोधी माहौल का भी सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि एक बार कांग्रेस और दूसरी बार भाजपा की सरकार बनती है। ऐसे में मुख्य विपक्षी दल भाजपा को आशा है कि राज बदलने की परंपरा को कायम रखते हुए प्रदेश में उनकी सरकार बने। मगर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस रिवाज को बदलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। गहलोत चाहते हैं कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर हर बार सरकार बदलने के रिवाज को समाप्त किया जाए। इसके लिए गहलोत लगातार लोगों से संपर्क साध रहे हैं।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
**स्वतंत्र-पत्रकार**

**2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे तथा रामेश्वर डूडी नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय कांग्रेस के पास मात्र 21 विधानसभा सीटें ही थी।**

अशोक गहलोत के दोनों पैरों के अंगूठे में चोट लगने के कारण वह पिछले कई दिनों से अपने आवास से ही वर्चुअल माध्यम से लोगों से संपर्क कर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे तथा रामेश्वर डूडी नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय कांग्रेस के पास मात्र 21 विधानसभा सीटें ही थी। तब वसुंधरा राजे भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री थी। भाजपा के पास 163 विधानसभा सीटें थी। लेकिन राज बदलने का रिवाज व वसुंधरा राजे के खिलाफ आम जनता में पनपी सत्ता विरोधी लहर के चलते कांग्रेस 100 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। जबकि भाजपा मात्र 73 सीटों पर ही सिमट गई थी।

तब कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनवाया था। मुख्यमंत्री बनने के बाद अशोक गहलोत ने बसपा के सभी 6 विधायकों का कांग्रेस में विलय करवा कर विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत बना दी थी। वर्तमान में गहलोत सरकार को माकपा के दो, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो, राष्ट्रीय लोक दल का एक व 13 निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। वहीं भाजपा विधायको की संख्या 73 से घटकर 70 पर आ गई है।

हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी 2020 में अपने ही उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की बगावत का सामना करना पड़ा था। सरकार बचाने के लिए गहलोत ने महीनों तक विधायकों को बाड़ेबंदी में रखा था। कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद सचिन पायलट ने अपना विद्रोह समाप्त कर कांग्रेस की मुख्यधारा में शामिल हो गए थे। हाल ही में कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली में एक बड़ी बैठक कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट को आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़ने का मंत्र दिया है। आलाकमान से हुई बैठक के बाद दोनों ही नेता एकजुटता से चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले एक साल से प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले बजट में प्रदेश के लोगों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की थी। जिनका क्रियान्वयन भी प्रारंभ हो गया है। पिछले तीन महीने तक राज्य सरकार ने गांव-गांव में महंगाई राहत कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करवाया है। उन कैंपों के माध्यम से सरकार ने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से भी आम आदमी को अवगत करवाया है। महंगाई राहत कैंपों के आयोजन से सरकार की छवि में काफी सुधार हुआ है।

## जानकारी

# कॉर्बिन कोव बीच



इसके अलावा, समुद्र तट धूप सेंकने, तैराकी और सर्फिंग का आनंद लेने के लिए भी एक आदर्श स्थान है। यह नारियल ताड़ का किनारा वाला समुद्र तट एक होटल और छोटे से जलपान और भोजन की पेशकश से घिरा हुआ है। यहां से पर्यटक स्नेक आइलैंड भी जा सकते हैं, जहां ढेर सारे घातक सांप होने का दावा किया जाता है। स्नेक आइलैंड रंगीन मूंगों, मंत्रमुग्ध कर देने वाली मछलियों और चट्टानी आकृतियों के लिए भी जाना जाता है।

**वहां पर होना**

कॉर्बिन कोव मुख्य शहर से केवल सात किलोमीटर दूर है। यहां पहुंचने के लिए, कोई लगभग 150 की लागत वाला ऑटोरिक्शा ले सकता है, या मोटरसाइकिल किराए पर ले सकता है।


**अंदर और आसपास करने और देखने लायक चीजें**

स्पीड बोटिंग और जेट स्की ही दो जल क्रीड़ा गतिविधियाँ हैं जिनका आनंद कॉर्बिन के कोव बीच पर लिया जा सकता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना द्वारा बनाए गए बंकरों को देखने के लिए समुद्र तट का भ्रमण अवश्य करें।

# 5000mAh बैटरी, 3 कलर ऑप्शन के साथ अगले महीने लॉन्च होगा Redmi 12

**साइबर दुनिया**

**नई दिल्ली :** चाइनीज स्मार्टफोन मेकर Redmi ने इस वर्ष की शुरूआत में Redmi 12 को कुछ इंटरनेशनल मार्केट्स में लॉन्च किया था। भारत में इसे 1 अगस्त को पेश किया जाएगा। इसमें ऑक्टाकोर MediaTek Helio G88 SoC के साथ 8 GB का LPDDR4X RAM और 256 GB तक स्टोरेज होगी। इसकी 5,000 mAh की बैटरी 18 W वायर्ड चार्जिंग फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी। देश में लॉन्च होने वाले इस स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशंस इसके इंटरनेशनल वेरिएंट के समान होने का अनुमान है।



Redmi ने ट्वीट के जरिए देश में लॉन्च होने इस स्मार्टफोन के कलर्स की जानकारी दी है। इसे Jade Black, Moonstone Silver और Pastel Blue कलर्स में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके सिल्वर कलर वाले हैंडसेट पर लाइट पड़ने पर रेनबो जैसा शेड दिखता है। इसमें ट्रिपल रियर कैमरा यूनिट है। देश में इसकी बिक्री Amazon और Flipkart के जरिए की जाएगी।कंपनी ने इसे यूरोप में Midnight Black, Polar Silver और Sky Blue कलर्स में लॉन्च किया था। इसका शुरूआती प्राइस 199 यूरो (लगभग 17,000 रुपये) का था। Redmi ने इसके थाईलैंड में 8 GB RAM + 128 GB स्टोरेज वेरिएंट का प्राइस 5,299 भाट (लगभग 12,500 रुपये) रखा है। भारत में इसकी प्राइसिंग यूरोप के समान होने की संभावना है।

Redmi 12 के स्पेसिफिकेशंस (अनुमानित)

इस स्मार्टफोन में 6.79 इंच डिस्प्ले है। इसके टॉप पर सेंटर में पंच होल कटआउट दिया गया है, जिसमें सेल्फी कैमरा लगा है। डिस्प्ले में फुल एचडी प्लस रेजॉलूशन और 90Hz का रिफ्रेश रेट है। फिंगरप्रिंट सेंसर साइड पर है। इसके ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप में प्राइमरी कैमरा 50 मेगापिक्सल का है। इसके साथ 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड लेंस और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर दिया गया है। इसके फ्रंट में सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 8 मेगापिक्सल का कैमरा है। इसमें प्रोसेसर के तौर पर MediaTek Helio G88 दिया गया है।

## टॉप ट्वीट

"लोकतंत्र लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है, लेकिन वंशवादी राजनीतिक दलों के लिए यह परिवार का, परिवार द्वारा और परिवार के लिए है।"

**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**





बिग बॉस मेरे लिए एक भावना है; मैं हमेशा कहता हूं कि मैं अटैचमेंट से दूर रहता हूं लेकिन बिग बॉस अलग है! मैंने इस शो को इतने सालों तक होस्ट किया है कि यह मेरे जीवन का एक हिस्सा बन गया है!

**सलमान खान**
**बॉलिवुड अभिनेता**

## संपादक के नाम कविता

### हे शिव शम्भु



हे चंद्रमौली ,हे गंगाधर
किस कठिन तपस्या में बैठे
हैं आप?
ध्यान लगा कर शांत मुद्रा में
किस गुप्त गुफा में बैठे हैं
आप ?
सर्वव्यापी हो जगत सृष्टा हो
सृष्टि के आप हीं आधार।
कण कण में व्याप्त तेज का
आप से हीं तो है केवल
संचार।।
सर्प गले में माला शोभित
रूप अनोखा बतलाता।
भस्म और चंदन सृंगार
का रूप अनोखा
दिखलाता।।
नंदी हो सवारी जिनके बस
त्रिशूल हो जिनके अस्त्र।
बड़े बड़े और आताताई का
संघारक केवल पिनाक
अस्त्र।।
गौरी सती उमा पार्वती
हिमाचल सुता जिनके हो
अर्धांगनी रूप।
अर्धनारीश्वर रूप बता कर
मान बढ़ाया
नारी रूप
।।
प्रथम पूज्य
हो जिनके
लाला और
देव सेना के
हो सेनापति।
कोटी कोटी नमन है आपको
हे कैलाशी उमा पति।।
जटा से निकले जिनके गंगा
जो धरती को करती पवित्र।
तुम्हे नमन हे औघड़दानी
तुम्हे वंदन हे सती पति।।
जन जन में व्याप्त कुरीति
इसको हर लो हे गौरी पति।
सौहार्द बढ़ा दो जन मानस
में हे सर्वव्यापी हे पार्वती
पति।।
हिचकोले खाएं जीवन नैया
पतवार थाम लो हे गणपति
पिता।
मंगल मंगल कर दो जीवन
कष्ट हरो हे जगत पिता।।।

**कमलेश झा**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## प्रदेश >> अपडेट

### बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया कैंप

**महेशपुर** : प्रखंड के दमदमा पंचायत भवन में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया सोनारपाड़ा, बैंक ऑफ इंडिया बीरकिट्टी शाखा एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वाधान में आत्मनिर्भर सखी के तहत कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक दिनेश प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने विभिन्न योजनाओं को विस्तारपूर्वक सभी को समझाया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 350 जरूरतमंदों को किया रक्तदान

**पाकुड़** : इंसानियत फाउंडेशन रक्तदान के मामले में पाकुड़ में एक अलग स्थान बना लिया है। अब तक 10 महीने मे 350 असहाय जरूरतमंद गरीब परिवार, थैलीसीमिया बच्चे, गर्भवती महिला, डायलसीस मरीजों आदि पेसेंट को रक्तदान करवा चुके है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र मे कई तरह के जरूरतमंदो को सुखा राशन, कैश, वस्त्र वितरण का कार्य करते आ रहे है है।

### झामुमो ने लिया युद्ध स्तर पर बूथ कमेटी दुरुस्त करने का संकल्प

**पाकुड़** : लड्डू बाबू आम बागान में झामुमो प्रखंड कमेटी का बैठक प्रखंड अध्यक्ष मूसलेउद्दीन शेख की अध्यक्षता में की गई। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव, जिला सचिव सुलेमान बास्की, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर्रहमान मुख्य रूप से उपस्थित होकर पंचायत के अध्यक्ष और सचिव को संगठन मजबूत करने के लिए टिप्स दिया। जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कहा है कि बूथ कमेटी पार्टी के मजबूत स्तंभ होता है अगर बुथ कमेटी मजबूत और दुरुस्त बनाया गया तो पार्टी नई ऊंचाई को पहुंचेगे हर बूथ मैं 15 कमेटी बनाने का दिशा निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### चेंगाडांगा में हुआ सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**पाकुड़** :राज्य में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रत्येक पंचायतों में सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया जा रहा है। इस कड़ी के तहत सोमवार को चेंगाडांगा में नूरेजामान के अध्यक्षता में ग्रामसभा के माध्यम से सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। सर्वसम्मति से चेंगाडांगा युवा खेल क्लब के अध्यक्ष जावेद अख्तर, सचिव रुबाइल सेख व उपाध्यक्ष सलमान शेख को चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य में हीरोन सेख, दिलदार सेख, हारून शेख, साहिन अहमद, सुबीर पहाड़िया, सोहेल शेख, रमजान शेख, रिसि सेख, सारीफुल सेख, खोसिरूल शेख का चयन किया गया।ग्रामसभा में मुखिया बिपिन सरदार व पंचायत सेवक सुकुमार ठाकुर ने बताया कि सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन में 18 से 40 वर्ष के युवा ही भाग ले सकते हैं।


### 0 से 5 वर्ष के छूटे हुए बच्चों का जल्द होगा टीकाकरण

**महेशपुर (पाकुड़)**: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिशन इंद्रधनुष के तहत नियमित टीकाकरण के 0 से पांच वर्ष आयुवर्ग के छुटे हुए बच्चों तथा छुटे हुए गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने के बावत जानकारी दी गई। बताया गया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत यह कार्य तीन चरण में होना है। जो अगस्त माह 2023 के सात अगस्त से 12 अगस्त तक, सितंबर माह के 11 सितंबर से 16 सितंबर तक तथा अक्टूबर माह में निर्धारित तिथि में होगी।

मौसम

## मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक

# उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में फिर से चक्रवात के आसार



राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** आधा जुलाई बीत चुका है, लेकिन दक्षिण बंगाल सहित कई पड़ोसी राज्यों में अब भी पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। वैसे पश्चिम बंगाल के उत्तरी इलाके में भारी बारिश के कारण नदियों का पानी खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। हालांकि, आज से शुरू हो रहे नए सप्ताह में राज्य में कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक उत्तर और दक्षिण बंगाल में कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है। सिर्फ 21 तारीख यानी शुक्रवार को दक्षिण बंगाल में थोड़ी ज्यादा बारिश होगी लेकिन भारी बारिश नहीं होगी। सैटेलाइट और रडार से मिल रही सूचनाओं के आधार पर यह भी अनुमान लगाया गया है कि उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक और छोटा सा दबाव उड़ीसा की तरफ है। यह झारखंड के करीब भी है। अगर परिस्थितियां अनुकूल हुई तो यह भी छोटे तूफान की शक्ल लेगा और छत्तीसगढ़ की तरफ जाएगा। इस बीच मौसम कार्यालय के मुताबिक 19 जुलाई तक पश्चिम बंगाल तट के पास उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बनने की संभावना है। जहां से निम्न दबाव से पनप पनप सकता है।

वैज्ञानिकों ने साफ किया है कि अभी इस बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन बंगाल की खाड़ी में हालात कुछ ऐसे बनते हुए नजर आ रहे हैं। अगर यह वाकई चक्रवात बना तो दक्षिण बंगाल सहित पड़ोसी इलाकों का मौसम बदल सकता है लेकिन फिलहाल चक्लवात के लिए कोई पूवार्नुमान संकेत जारी नहीं किया गया है। इसके अलावा मौसम विभाग का कहना है कि दोनों बंगाल में अगले 5 दिनों तक तापमान एक जैसा ही रहेगा। दक्षिण बंगाल में छिटपुट तूफानी बारिश जारी रहेगी, लेकिन नमी संबंधी परेशानी बनी रहेगी मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर बंगाल में बारिश धीरे-धीरे कम हो रही है। 18, 19, 20 जुलाई यानी मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को उत्तर बंगाल में कहीं भी भारी बारिश का अनुमान नहीं है।

कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। उत्तर बंगाल में बारिश कम होने से नमी संबंधी परेशानी बढ़ेगी। शुक्रवार, 21 जुलाई को उत्तर बंगाल के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लेकिन उस दिन भारी बारिश का भी अनुमान नहीं है। अगले पांच दिनों तक दक्षिण बंगाल में कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है। दक्षिण बंगाल में 21 तारीख को ही थोड़ी ज्यादा बारिश होगी लेकिन भारी बारिश नहीं होगी। दक्षिण बंगाल में 36 प्रतिशत वर्षा की कमी है। खासकर दक्षिण बंगाल, पुरुलिया, बांकुरा, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और कोलकाता में भी बारिश की कमी है। अगले 5 दिनों में यह कमी दूर होने की कोई संभावना नहीं है। 18, 19 और 20 जुलाई को दक्षिण बंगाल में बारिश की मात्रा कम हो जाएगी। हालांकि सभी जिलों में हल्की बारिश की भी संभावना है। जिलों में आर्द्रता संबंधी अधिक असुविधा का अनुभव होगा। शुक्रवार, 21 जुलाई को 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर, हावड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और बांकुरा में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में हल्की बारिश की संभावना है।

## बाइक लूट का आरोपी गया जेल



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर** : रद्दीपुर ओपी के एएसआइ शुभजीत कुमार ने सोमवार को गंगड्डा चौक से मारपीट कर बाइक छीन लेने की घटना के नामजद आरोपित राजू शेख नयनी गंगड्डा गांव निवासी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आरोपित का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर पाकुड़ जेल भेज दिया गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी चंदन गुप्ता ने बताया कि बीते वर्ष 17 दिसंबर को बांकुड़ा गांव निवासी सायफोर शेख ने नामजद आरोपी के खिलाफ मारपीट कर बाइक छीन लेने का आरोप में मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपित फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## देवघर में शुरू हुआ विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान जसीडीह में आयुष्मान भारत पहल के तहत विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम - झारखंड के तत्वाधान में विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों के दूसरे फेज का 5 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। ज्ञात हो कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यालय आरोग्य दूत के रूप में तैयार करना है, ताकि वे अपने शिक्षण शैली में जीवन कौशल सबंधी जानकारी कैसे विभिन्न गतिविधियों के सहारे विद्यार्थियों को सहज तरीके से दे सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता के निर्देश पर जेसीआरटी राँची एवं डॉयट जसीडीह के मार्गदर्शन में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से चयनित 2-2 शिक्षकों को विद्यालय आरोग्य दूतों का दूसरे फेज में 5 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कुल 145 आरोग्य दूतों को दिया जा रहा है, तथा प्रथम फेज में देवघर प्रखंड के 170 आरोग्य दूतों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम आयुष्मान भारत पहल के तहत भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है और प्रशिक्षण का उददेश्य शिक्षकों को विद्यालय आरोग्य दूत के रूप में तैयार करना ताकि वे अपने शिक्षण शैली में जीवन कौशल सबंधी जानकारी कैसे विभिन्न गतिविधियों के सहारे विद्यार्थियों को सहज तरीके से दे सके, इस कौशल का विकास करना है।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु पंचायत स्तरीय कार्यशाला संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** चेतना विकास, देवघर के द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउण्डेशन के अन्तर्गत गौरीपुर पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य - भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन गौरीपुर पंचायत की मुखिया संतोषी शर्मा ने किया। उन्होने कहा कि वे अपने पंचायत को बाल विवाह मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। संस्था की कार्यकर्त्ता पूनम कुमारी ने बताया कि बच्चों का संरक्षण करने के लिए हमें बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण, बाल व्यापार को रोकना होगा। कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 एवं हमारे समाज में बच्चे मजदूरी ना करें, सभी बच्चे स्कूल जाये और अपने अधिकार को पाये आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। पंचायत के खिजूरिया गाँव के वार्ड टिंकू दास ने बताया, वे ग्राम सभा में बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा करेगें। साथ ही स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति के बैठक में यह जानकारी देगे. गौरीपुर की वार्ड बेबी देवी ने मांग रखी कि संस्था के द्वारा महिला समूह में जागरुकता होनी चाहिए। वार्ड प्रतिनिधि रोहित ने कहा कि गांव में ऐसी जागरुकता कार्यक्रम करने की जरूरत है। चेतना विकास की कार्यकर्ता ने बताया, बाल विवाह रोकथाम के किए 1098 चाईल्ड लाईन का टॉल फ्री न० उपयोग करें, बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, पुलिस को सूचना दें ताकि बाल विवाह पर अंकुश लग सके। बाल विवाह करते पकड़े जाने पर दो साल की सजा एवं एक लाख का जुमार्ना देना पड़ेगा।

## अवैध चुलाई शराब बनाने वाले तीन गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**देवघर** : उत्पाद अधीक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव के निदेशानुसार उत्पाद बल, सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से जसीडीह थाना अंतर्गत कोठिया, नावाडीह, दर्दमारा आदि जगहों में सघन व व्यापक उत्पाद छापामारी कर कुल 26 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 6 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया । इस अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेस कुमार, उत्पाद अवर निरीक्षक रूपेश कुमार, सअनि रामदेव पासवान, उत्पाद सिपाही सुनील कुमार रजक, उत्पाद सिपाही राहुल कुमार एवं सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे। इस छापामारी अभियान में कोठिया से दो अभियुक्त एवं नावाडीह से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई किया जा रहा है।

# मंत्री ने जूट किसानों एवं सखी मंडलों के सदस्यों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** परिसदन परिसर में माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग श्री आलमगीर आलम के द्वारा जूट फसल उत्पादन करने वाले किसानों को क्राईजाफ सोना पाउडर-सह-परिसंपत्ति वितरण किया गया। विगत 20 फरवरी को राष्ट्रीय जूट महोत्सव के अवसर पर चास हाट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तहत किए गए समझौता के अनुसार मंगलवार को क्राईजाफ सोना पाउडर पांच मेट्रिक टन माननीय मंत्री ने सांकेतिक रूप से 15 गांव के किसानों के बीच वितरण किया। साथ ही साथ जूट रेटिंग पोंड के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, 206 सखी मंडलों को प्रति सखी मंडल 30 हजार चक्रीय निधि का कुल राशि 61 लाख 80 हजार एवं 170 सखी मंडलों को प्रति सखी मंडल 50 हजार का कुल राशि 85 लाख का समुदायिक निधि का चेक वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पाकुड़ सदर प्रखंड में जूट रोजगार से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण एवं सखी मंडल को जुड़कर आत्मनिर्भर बनना है। जूट से जुड़े किसानों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर राज्य सरकार के द्वारा सकारात्मक पहल किया जा रहा है और इसी के निमित्त पिछले दिनों राष्ट्रीय स्तर पर जुट महोत्सव का भी आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया था और उस महोत्सव के दौरान जूट उत्पादन करने वाले किसानों ने इसका भरपूर लाभ उठाया था। उन्होंने कहा कि आज का समय वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने का है और ऐसे में हमारे क्षेत्र के जूट से जुड़े किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर सके। इसको लेकर आने वाले समय मे प्रशिक्षित किया जाएगा। किसानों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए किसानों को सब्सिडी पर पटसन का बीज उपलब्ध कराया गया था और आज निःशुल्क क्राईजाफ सोना पाउडर वितरण किया जा रहा है।किसानों के साथ-साथ महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सके इसको लेकर उन्हें ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि ऋण राशि से वे अपने लिए कोई रोजगार कर सकें। यहां के किसान इस अवसर का लाभ उठाएं और जूट की खेती कर आत्मनिर्भर बने। मौके पर मौजूद उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों को हर संभव मदद देने को तत्पर है और आने वाले दिनों में जूट से जुड़े किसानों को कई प्रकार के तकनीकी ज्ञान भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## न्यूज फटाफट

### भाजपा ने की टिफिन बैठक का आयोजन

**पाकुड़** : भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत टिफिन बैठक पाकुड़ विधानसभा अन्तर्गत कोटलपोखर के मयूरकोला में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री आनंत तिवारी, जिला मंत्री ललिता देवी उपस्थित थे। मौके पर कोटलपोखर मंडल के अध्यक्ष प्रणव सिंह, पाकुड़ नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह, बरहरवा मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार ,नगर नवी मंडल अध्यक्ष अरुण चौधरी ,गदाईपुर मंडल अध्यक्ष मनोरंजन सरकार उपस्थित थे। टिफिन बैठक मे महा जनसंपर्क महाअभियान का समीक्षा करते हुए आगे की रूपरेखा एवं रणनीति तय की गई। सभी घरों तक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने हेतु सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया। बैठक के अंत में सभी कार्यकताओं द्वारा अपने-अपने घरों से लाए गए टिफिन के साथ सामूहिक रूप से भोजन किया गया जो सामाजिक सद्भावना का यह एक अप्रतिम उदाहरण भी है। टिफिन बैठक समाप्ति के पूर्व बिहार में बीजेपी के निहत्थे नेताओं कार्यकताओं पर पुलिसिया बर्बरता, जहानाबाद जिला के जिला महामंत्री का निर्मम हत्या की भर्त्सना की गई। 2 मिनट का मौन रख उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। बताया गया कि बिहार पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के निहत्थे कार्यकताओं पर और कारण लाठी चार्ज करके कार्यकताओं को जमकर पिटाई की गई। इससे स्पष्ट होता है कि बिहार सरकार पूरी तरह से बोखला गई है। पुलिस के सहारे कार्यकताओं को निशाना बना रही है। आने वाले समय में निश्चित रूप से इसका जनता जवाब देगी।

### मन्दिर में शिविर लगाकर भक्तों को किया गया पुष्प दूध गंगाजल का वितरण

**पाकुड़** : द्वितीय सोमवारी के शुभ अवसर पर सत्य सनातन संस्था द्वारा विभिन्न मंदिरों में शिविर लगाकर शिवभक्त श्रद्धालुओ के बीच बेलपत्र, गंगा जल, कच्चा दूध, पुष्प आदि का वितरण किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष सागर चौधरी ने कहा कि संस्था विगत पांच वर्षो से निरंतर सेवा भाव से इस तरह का कार्य कर रही है। इस निमित्त अखिलेश्वर नाथ महाराज शिव मंदिर तोड़ाई में तूफान दास द्वारा, शिव मंदिर समसेरा में पुजारी बिहारी बाबा, शिव मंदिर कालिकापुर में संजीव कुमार भगत, सूरज सरकार,बिजली कॉलोनी में संस्था के सयुक्त सचिव अजय भगत , भगतपाड़ा शिव मंदिर में,सत्यम भगत,मिंटू गिरी,रवि भगत,अभिषेक कुमार,अमित कुमार,बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर कुड़ापाड़ा में सत्यम कृष्णा,राहुल दास,मुख्य सड़क स्थित दूधनाथ मंदिर में पुरोहित रोहित दास , रेलवे कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में सानू रजक,गौतम कुमार, विक्की श्रीवास्तव,तलवाड़ंगा स्थित महाकाल शक्ति पीठ में विशाल भगत,आकाश पहाड़िया, गोकुलपुर- शहरकोल शिव मंदिर में विश्वजीत सिंह,मनीष सिंह अलग-अलग मंदिरों में निशुल्क कच्चा दूध गंगा जल वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे, उपाध्यक्ष सागर चौधरी,राहुल सिंह एवम अन्य ने बारी बारी से सभी शिविर का निरक्षण किया एवं कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया।

### बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर की गई समीक्षा बैठक



**गोड्डा** :समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त महोदय, गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले में मनरेगा के अंतर्गत चलाए जा रहे बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित जो लक्ष्य दिया गया है, शत - प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में विशेष प्रचार -प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों को बिरसा हरित योजना के बारे में बताएं और उन्हें योजना का लाभ दें। महोदय के द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत फलदार पौधों की आपूर्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए शत - प्रतिशत वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए। बिरसा हरित ग्राम योजना में कार्य के अनुसार मजदूरों को भी नियोजित कराएं जाएं ताकि मानव दिवस का सृजन भी उसी अनुपात में होता रहे। बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत लगाए गए पौधों की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । समीक्षा के दौरान महोदय के द्वारा जेएसएलपीएस के डीपीएम को दीदी बगिया खोलने हेतु निर्देशित किया गया,साथ ही साथ बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधों की आपूर्ति हेतु गांव में ही पौधा उपलब्ध कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक के दौरान महोदय के द्वारा रिजेक्टेड ट्रांजक्शन एवं श्रमिकों के रिजेक्टेड खाता में अविलंब सुधार करने,शत प्रतिशत योजनाओं का जियो टैगिग करने एवं लक्ष्य के अनुरूप गांवों में योजना संचालित कर मानव दिवस सृजन करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उपविकास आयुक्त महोदय, गोड्डा श्री संजय सिन्हा ,सहित अन्य कर्मीगण मौजूद थे।

### 10वीं तथा 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**हिरणपुर**: जिले के हिरणपुर प्रखंड में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिरणपुर इकाई द्वारा करियोडिह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के पूर्व कार्यकर्ता शशी कपूर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। परिषद के विषय वस्तु पर चर्चा करते हुए परिषद के पूर्व कार्यकर्ता शशी कपूर सर ने कहा कि ये वर्ष विद्यार्थी परिषद का 75वां वर्ष है जिसे परिषद इसे अमृत महोत्सव के रूप में माना रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने छात्र-हित से लेकर भारत के व्यापक हित से सम्बद्ध समस्याओं की ओर बार-बार ध्यान दिलाया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ बार-बार आवाज उठाती रही है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के खिलाफ हम लगातार संघर्षरत रहे हैं। वही विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने ने कहा कि करियोडिह जैसे सुदूर क्षेत्र है और यहां के छात्र छात्राओं द्वारा इतनी अच्छी प्रतिभा दिखाने के लिए सभी को बधाई दिया अभिनंदन किया और सभी का उज्जवल भविष्य की कामना किया और साथ ही कहा कि हमारे इतने कम शिक्षकों में यहां के छात्र छात्राओं द्वारा इस प्रकार का प्रदर्शन काफी सरहणीय है। वही मौजूद सभी शिक्षकों ने सभी को अच्छे रिजल्ट के लिए शुभकामनाएं एवम बधाई दिया और साथ ही सभी के उज्जवल भविष्य का कामना किया।

## शहर >> अपडेट

### प्रखंड 20 सूत्री सदस्यों की बैठक 20 जुलाई को

**मरकच्चो :** प्रखंड 20 सूत्री सदस्यों की बैठक 20 जुलाई गुरुवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में आयोजित होगी। 20 सूत्री सदस्य मो जावेद ने बताया कि मौके पर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा होगी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावे संबंधित विभाग के प्रखंड पदाधिकारी और 20 सूत्री के सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सिटी अपडेट्स >>

### एसपी कार्यालय के समक्ष जारी रहा धरना

**कोडरमा :** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा परिसर में अनिश्चितकालीन धरना चौथा दिन जारी रहा। बचे हुए आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। पुलिस को जो काम करना चाहिए वह काम नहीं कर रही है। भाकपा के जिला सचिव प्रकाश रजक ने आरोप लगाया कि धरना पर बैठे लोगों पर धरना समाप्त करने के लिए कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम अपने दल बल के साथ पहुंचकर दबाव बना रहे है। जिससे पीड़िता एवं पीड़िता के परिजनों में दहशत बना हुआ है।

### घायल महिला की स्थिति बिगड़ी

**कोडरमा :** सतगावां थाना क्षेत्र के ग्राम बिसनीडीह में पिछले पिछले दिनों हुई लूटपाट व मारपीट के मामले को लेकर घायल महिला की सोमवार की देर शाम की स्थिति बिगड़ गई। घायल महिला उषा देवी (45 वर्ष, पति महेंद्र सिंह) को परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रिफर कर दिया गया है। डॉक्टर ने बताया कि महिला उषा देवी महिला की स्थिति सर में चोट आने के कारण बिगड़ी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कुडू प्रखंड के जीमा पंचायत में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का पंचायत कमेटी विस्तार किया गया

**कुडू :** प्रखंड के जीमा पंचायत के श्री श्री महावीर मंदिर में विश्व हिंदू परिषद का पंचायत कमेटी विस्तार लोहरदगा जिला के संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, विभाग का संगठन मंत्री प्रदीप सिंह, जिला संयोजक सचिन जी, प्रखंड संयोजक मिथलेश प्रजापति जी,एवं जिला सहसंयोजक राजा राय जी की मौजूदगी में संगठन विस्तार किया गया। कमेटी विस्तार कर सभी बजरंग भक्तों को बताया गया की जितने भी हमारे बजरंग भक्त इस कार्य में शामिल हो रहे हैं या हो गए हैं आप सभी से मेरा निवेदन होगा जिन भाइयों को जिस पद का दायित्व दिया जा रहा है उसका सही तरीके से निर्वहन करने का कार्य करेंगे क्योंकि यह दायित्व आप लोगों को अच्छे तरीके से इस संगठन को चलाने के लिए आप सभी को मिलजुलकर सभी के साथ रहना होगा यदि आप लोगों को किसी तरह से कोई परेशानी हो तो आप लोग हमसे संपर्क कर सकते हैं। जिसमें विश्व हिंदू परिषद का पंचायत अध्यक्ष दुखु माली, उपाध्यक्ष तरुण प्रजापति, मंत्री अनूप कुमार , सह मंत्री आदर्श राज , बजरंग दल पंचायत संयोजक बबलू महतो, सहसंयोजक कृष्णा साहू, सुरक्षा प्रमुख प्रदीप साहू मिलन प्रमुख, अक्षय कुमार एवं विशाल साहू को दायित्व देखकर पंचायत समिति का संगठन विस्तार किया गया, जिसमें उपस्थित अक्षय कुमार, दीपक कुमार, अनिल कुमार, संदीप कुमार, आदर्श राज, प्रीतम कुमार, प्रेम कुमार, राम लाल माली, विशाल कुमार साहू, रुपेश कुमार, अमन कुमार, विनोद कश्यप, प्रकाश कुमार, पवन कुमार राज, परमेश्वर साहू, प्रदीप कुमार साहू , रूपेश साहू एवं सभी बजरंग भक्त ग्रामीण उपस्थित थे।

रूबरू

### ग्रामीणों ने कहा-रास्ता नहीं दिया गया तो बाउंड्री करने नहीं देंगे

# रेल मंत्री से मिलकर समस्या का समाधान करूंगी:अन्नपूर्णा

- उन्होंने कहा कि इस संबंध में रेल मंत्री से मिलकर समस्या से अवगत करवाऊंगी
- किसी भी हाल में रेलवे को घेराबंदी करने नहीं दिया जाएगा



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के गरगी पंचायत में रेलवे के द्वारा घेराबंदी किए जाने और ग्रामीणों के लिए रास्ता नहीं देने को लेकर मंगलवार को भी लोगों ने बैठक की। अध्यक्षता पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम व संचालन राम नारायण यादव ने किया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बैठक में पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी। लोगों ने कहा है कि जब तक रेलवे द्वारा 20 फीट का रास्ता नहीं दिया जाता है तब तक किसी भी हाल में रेलवे को घेराबंदी करने नहीं दिया जाएगा। वहीं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोगों को आश्वासन दिया है कि आप लोगों की समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रेल मंत्री से मिलकर समस्या से अवगत करवाऊंगी और हर हाल में समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा है कि जब तक रेलवे के द्वारा रास्ता नहीं दिया जाता है तो किसी भी हाल में रेलवे को घेराबंदी करने के लिए नहीं दिया जाएगा। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा है कि रेल प्रशासन का मनमानी किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जाएगा और अगर रेलवे के द्वारा रास्ता नहीं दिया गया तो पूरे रेल को अस्त-व्यस्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि रेलवे से मेरा कोई दुश्मनी नहीं है रेलवे द्वारा पहले रास्ता दिया जाए उसके बाद घेराबंदी किया जाए। वही गरगी पंचायत के लोगों ने कहा है कि अगर रेलवे के द्वारा रास्ता नहीं दिया गया तो हम सभी इस गांव के लोग आत्महत्या कर लेंगे। लोगों ने कहा है कि जिस समय रेलवे के द्वारा बहला-फुसलाकर हम सभी किसानों का जमीन दे रहा था उस समय रेलवे के अधिकारियों के द्वारा हम सभी ग्रामीणों के आश्वासन दिया गया था कि आप लोगों को रास्ता बना कर दिया जाएगा।

मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मुखिया फरीदा खातून, पूर्व मुखिया लाखपत यादव, मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी, केडी यादव, धानेश्वर राणा, अशोक यादव, बलदेव यादव, चंदन कुमार सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

## 24 घंटे का अखंड कीर्तन

राष्ट्रीय खबर



**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मरंगलोइयाँ पंचायत के रामघाट हनुमान मंदिर में आज 24 घंटे का अखंड कीर्तन की भव्य सुभारंभ किया गया। क्षेत्र में काम बारिश एवम प्राकृतिक की मार को झेलते हुए पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा भगवान इंद्र को प्रसन्न कर बारिश की कामना करते हुए किसानों के बीच खुशहाली के लिए 24 घंटा का अखंड कीर्तन हरे रामा हरे रामा हरे कृष्णा का जाप किया जा रहा है। कीर्तन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम बिंदेश्वर महतो जगरनाथ महतो महादेव महतो प्रद्युमन महतो दुल्लश महतो दिनेश महतो सुरेश महतो शिवनारायण महतो बिनोद प्रमोद सुरेश समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## अबु इमरान किये गए सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**चतरा:** विज्ञान भवन, नई दिल्ली में भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'भूमि सम्मान में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा चतरा जिला के उपायुक्त श्री अबु इमरान को प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम ( योजनान्तर्गत सभी घटकों में 99% से अधिक का कार्य पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल करने वाले चयनित जिलों को दिया जाता है। उन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में से चतरा जिला का भी चयन भूमि सम्मान 2023 से सम्मानित करने हेतु किया गया।

## यूनियन एवं डीवीसी कामगार यूनियन की संयुक्त बैठक



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह में झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन एवं डीवीसी कामगार यूनियन की संयुक्त बैठक एडीएम बिल्डिंग प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान व संचालन झारखंड जनरल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने किया। मुख्य रूप से ऐक्टू जिला संयोजक विजय पासवान ने कहा कि डीवीसी मेन गेट पर बायोमैट्रिक सिस्टम लगा रही है इसका हमलोग विरोध करते है और विरोध करने का वजह है इसी डीवीसी के दूसरे प्लांट बोकारो और चंद्रपुरा में लैंड लूजर और आईटीआई किए हुए मजदूरों को डीवीसी सप्लाई में रखी है और वहां के अकुशल मजदूरों का न्यूनतम मजदूरी और एलाउंस मिलाकर लगभग 22 हजार रुपए मजदूरी दिया जाता है। जबकि डीवीसी केटीपीएस में अकुशल मजदूरों की मजदूरी लगभग 11 हजार रुपए है। बोकारो के तर्ज पर केटीपीएस बांझेडीह के मजदूरों को डीवीसी सप्लाई पर रखे अगर सप्लाई में नही रखती है तो जिन मजदूरों का कार्य करते हुए 10 वर्ष हो गया है उनका डीगनेशन चेंज किया जाए। बैठक को छोटू यादव, बहादुर यादव, उमाशंकर पासवान, सहदेव साव, उदय भारती, रंजीत भारती, उमेश यादव, जयचंद दास, दिलीप पासवान, रामसुंदर दास,भरत यादव, सुरेंद्र पासवान ने सम्बोधित किया।

मौके पर अशोक यादव, राजकिशोर यादव, परमेश्वर यादव, धानेश्वर यादव, किशोर पंडित, सुरेंद्र पोद्दार, ओमप्रकाश पंडित, अमजद खान, मंटू साव, कन्हैया यादव, राजेश यादव, दिलीप कुमार, शियालाल यादव, धीरेन्द्र सिंह, मो. रियासत, लखीराम प्रजापति, जितेंद्र पासवान, मुकेश कुमार, त्रिलोकी कुमार सिंह, धनंजय गुप्ता, संतोष पासवान, निरज कुमार यादव, विकास यादव, पवन कुमार,मशी चन्द्र टुडू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## लम्बित मानदेय भुगतान को लेकर डीसी को ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों ने कोडरमा डीसी को ज्ञापन देकर बढ़ा हुआ एवं लम्बित मानदेय भुगतान करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि हम लोग जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र यथा कोडरमा सदर अस्पताल, सामु स्वा केन्द्र, जयनगर, कोडरमा प्रा स्वा केन्द्र, झुमरी तिलैया, सतगावा, डोमचांच, मरकच्चों, चन्द्रवारा में टेक्नीशियन और नन-टेक्नीशियन कर्मी तथा सफाई कर्मी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एंड फॉर्स हजारीबाग कम्पनी के तहत कार्य कर रहे है जिनका वेतन 5 महीने (मार्च 2023 से अब तक) से नहीं किया गया है और जब भी हमलोग सिविल सर्जन से अपनी इस समस्या के बारे में पूछते है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि आपलोग कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एंड फॉर्स हजारीबाग कम्पनी के कर्मी है तो हम इसमें कुछ नहीं कर सकते है। जब कम्पनी से तो उनके द्वारा बोला जाता है कि जब तक सदर अस्पताल कोडरमा से आवंटन नहीं आयेगा तब तक किसी भी कर्मी का मानदेय भुगतान नहीं होगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अपने बढ़े हुए वेतन की मांग करने पर हमें कम्पनी के तरफ से धमकी भी दिया जाता है कि ज्यादा मत बोलो नही तो काम पर से हटा देंगे। ज्ञापन में शारदा कुमारी, संजू कुमारी, रेणु देवी, मंजु देवी, कुसुम देवी, प्रवेज, पावन, सुल्तानी, रमा, अनमोल आदि के नाम है।

समारोह

### विद्यालय के 12 छात्रों को सरकारी सेवा में योगदान

## प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

- छात्र जिन्होंने 2023 में विभिन्न सरकारी सेवाओं में अपना योगदान दिया
- विद्यार्थियों ने जो मुकाम को हासिल किया है वह काबिले तारीफ है

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड के आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष गनपत यादव एवं संचालन वरीय शिक्षक पिंटू कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सहित कई नेताओं ने संयुक्त रूप से किया। बताते चलें कि विद्यालय के पूर्व छात्र जिन्होंने 2023 में विभिन्न सरकारी सेवाओं में अपना योगदान दिया, उनके सम्मान में यह सम्मान समारोह का आयोजन किया। वहीं मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि निश्चित तौर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने जो मुकाम को हासिल किया है वह काबिले तारीफ है। मौके पर अतिथियों के द्वारा सेवा प्राप्त विद्यार्थियों को मोमेंटो तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि यह विद्यालय जब से खुला है तब से लेकर आज तक शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। सम्मानित होने वाले पूर्व विद्यार्थियों में रोहित यादव, सूरज यादव, अभिषेक यादव, महेश कुमार मोदी, राजेश राणा, मनीष राणा, अनिल यादव, अरुण यादव, सौरभ पांडेय, द्रोण यादव, संदीप राणा, सुधीर कुमार शामिल हैं। मौके पर समाजसेवी वीरेंद्र यादव, मुखिया राजेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, बीरेंद्र मोदी, राजेश पासवान राम नारायण यादव, बद्री सिंह, हीरामन मिस्त्री नीलकंठ वर्णवाल, वासुदेव यादव, कन्हैया चंद्र यादव, सुभाष यादव, शिव शंकर यादव, विनोद यादव, सुरेश राणा, भुनेश्वर पांडेय, नंदलाल मोदी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा, निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, वरीय शिक्षक महेश्वर पांडे, लक्ष्मण चंद्र यादव, विनोद यादव, सिकंदर यादव, ब्रह्मदेव पांडे, प्रकाश चंद्र यादव, श्याम सुंदर यादव, प्रभु चंद्र यादव, महेश यादव, रंजीत सिंह, विनोद शर्मा, विक्रम पांडे, कपिल देव गुप्ता, सुजीत राज, गायत्री कुमारी, प्रकाश पांडेय, रामचंद्र सिंह की भूमिका रही।

## न्यूज फटाफट

### दो अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**चतरा :** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत टुनगुन से रतनाग जाने वाली सड़क में लुट पाट के घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार ने बताया कि सूचना आलोक में छापामारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाईकिल में सवार तीन अपराधकर्मी को नकली पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने आगे बताया कि कृष्णा भुईयां पिता रितु भुईयां ग्राम टुटीलावा, थाना सिमरिया, जिला चतरा से लुटपाट किया गया। लुटपाट करने वाले अनिल भुईयां पिता रमेश भुईयां,अर्जुन गंझू पिता चितावन गंझू उर्फ चिंतामन गंझू, दोनो ग्राम कदले, थन्नु कुमार पिता करीमन भारती ग्राम नावाडीह, पंचायत बरैनी, तीनो थाना सदर जिला चतरा को गिरफ्तार करने के साथ लूटी गई मोबाईल,नकली पिस्टल एवं एक मोटरसाईकिल जेएच 13 जे 2093 बरामद कियाग या। इस संबंध में लावालांग थाना कांड संख्या 39/2023 में धारा 392 भादवि दर्ज कर तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया। छापामारी में एसडीपीओ सिमरिया, थाना प्रभारी बमबम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रामाशीष शुक्ला, सहायक अवर निरीक्षक घनश्याम प्रसाद सिंह एंव सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### दस वर्षीय बालक को सांप ने काटा

**पेटरवार :** पेटरवार अपने घर के पास टहल रहे एक दश वर्षीय बालक को एक सांप ने काट लिया। यह घटना मंगलवार को अपराह्न करीब एक बजे की है। सर्पदंश का शिकार हुए बालक को परिजनों ने तत्काल पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। ड्यूटी पर मौजूद डॉ सोनी कुमारी ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया। लेकिन परिवार वालों ने गोमिया स्थित आयल हॉस्पिटल ले गया। बताया जाता है कि प्रखंड के सदमा कला पंचायत अंतर्गत बुढ़वा टांड निवासी बिरजू साव का पुत्र अंशु साव (10 वर्ष) मंगलवार को अपने घर के पास चहल कदमी कर रहा था कि एक सांप ने उसके दाहिने पैर में काट दिया जिससे वह घायल हो गया लेकिन सांप की पहचान नही होने के कारण अस्पताल से उसे एन्टी वेनम नही दिया गया। बालक खतरे से बाहर बताया जाता है।

### दो बाइक के टक्कर में पुत्र सहित तीन लोग घायल



**पेटरवार :** पेटरवार एन एच 23 पेटरवार- बोकारो पथ पर पेटरवार थाना क्षेत्र के लुकैया गांव के निकट दो बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में पिता- पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलो को भाजपा नेता मुरलीधर नायक व ग्रामीणों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस को बुलाकर पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। सभी घायलो का प्राथमिक उपचार डॉ सोनी कुमारी ने की ओर गंभीररूप से घायल दो लोगो को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया। यह घटना मंगलवार को दिन के करीब साढ़े 10 बजे की है। बताया जाता है कि जरीडीह थाना क्षेत्र के बकसपुरा गांव निवासी गिरीश मुंडा 40 वर्ष अपने पुत्र विष्णु मुंडा 2 वर्ष को एक बाइक से पेटरवार प्रखंड के दारिद पंचायत के टकाहा गांव स्थित अपनी बहन के घर आ रहा था वही पेटरवार निवासी विनोद कुमार चौबे 50 वर्ष लुकैया काली मंदिर के सामने पूजा के लिए फूल तोड़कर अपनी बाइक पर सवार होकर अपने घर पेटरवार आ रहे थे। की लुकैया पेट्रोल पंप के सामने बकसपुरा से आ रहे ब्यक्ति ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में दोनों बाइक सवार को सर में गंभीर चोट लगी है जबकि विष्णु मुंडा को सर में हल्की चोट लगी है। घटना की जानकारी पाकर सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि चंदन सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि लालदेव महतो, रितेश कुमार सिन्हा, नयुम अंसारी सहित दोनों घायलो के परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायलो का हाल- चाल जाना। पेटरवार पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त दोनों बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

### ट्रैक्टर पलटने से घायल चालक की हुई मौत

**कोडरमा :** सतगावां थाना क्षेत्र के कोठियार पंचायत के सिमरातरी गांव के समीप सोमवार की संध्या खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर खेत में पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रांची लेजाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान गावां थाना क्षेत्र के पिहरा स्थित रेहड़ी गांव निवासी शंकर राय उम्र 35 वर्ष पिता नारायण सिंह के रूप में हुई है। उसे घायल होने पर इलाज के लिए राँची स्थित मेदान्ता हॉस्पिटल में ले जाया गया। वहीं इलाज के क्रम में ट्रैक्टर चालक ने दम तोड़ दिया।


### पवन कुमार को राष्ट्रपति के हाथों मिला पुरस्कार



**लोहरदगा :** झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला,लातेहार, जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने लोहरदगा जिला उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस० एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार को राष्ट्रपति के हाथो भूमि सम्मान पुरस्कार प्राप्त किए जाने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि जिला प्रशासन इस जिले के विकास को लेकर हर समय तत्पर रहती है शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों को डिजिटलीकरण से जोड़ कर ऑनलाइन किए जाने पर लोहरदगा जिला ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है जोकि जिलावासियों के लिए गर्व की बात है इस पर लोहरदगा जिला प्रशासन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है,जिला प्रशासन को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं !बधाई देने वालों में ओमप्रकाश सिंह,दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह,अजय पंकज,देवाशीष कार,नीरज कुमार,जय प्रकाश शर्मा,परमानंद कुमार,संजय चौधरी,शिवप्रसाद राजगढ़िया,पवन पोद्दार,किशोर बंका,पवन सराफ,निखिल सराफ,सुभाष राजगढ़िया,निशांत सर्राफ,राकेश शर्मा,मनीष राजगढ़िया,आनंद केसरी,मो कैश,दीपक बड़ाईक,मो सिराज,हर्षित सोनी,मिथुन तमेड़ा,परमेश्वर भगत,अतुल कुमार आदि है।

## न्यूज फटाफट

### बजरंग और विनेश को मिली छूट, खेलेंगे एशियन गेम्स



**नई दिल्ली:** भारतीय रेसलिंग में काफी समय से विरोध प्रदर्शन और महिला एथलीट्स से यौन शोषण जैसे विवाद चले आ रहे हैं। मगर इसी बीच स्टार रेसलर बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। इन दोनों को ही एशियन गेम्स के लिए ट्रायल में छूट मिल गई है। यानी अब बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट दोनों का ही सीधे एशियन गेम्स में जाना तय हो गया है। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से मिली है। बताया गया है कि इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की तदर्थ समिति ने नए नियम बनाए हैं। इसी के तहत बजरंग और विनेश को छूट मिली है। इनके अलावा जो भी रेसलर जिस वैट कैटेगरी में जीतेगा, उन्हें स्टैंड बाई में रखा जाएगा। बता दें कि बजरंग और विनेश समेत कई भारतीय स्टार पहलवान भारतीय कुश्ती संघ और उसके पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह लड़ाई काफी लंबी चली। 6 बालिग महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए। इसको लेकर कोर्ट में केस भी चल रहा है।

### नोवाक जोकोविच ने टेनिसा फाइनल मुकाबले में तोड़ा था अपना रैकेट

**नई दिल्ली:** नोवाक जोकोविच टेनिस की दुनिया के सबसे शानदार खिलाड़ी माने जाते है। इस वर्ष नोवाक जोकोविच 16 जुलाई को खेले गए विंबलडन के फाइनल मुकाबले में हारने के बाद वो 24वां ग्रैंड स्लैम जीतने से वंचित रह गए। विंबलडन के फाइनल मुकाबले में विश्व के दो नंबर के खिलाड़ी नोवाक को शीर्ष पद के कार्लोस अलकराज ने मात दी थी।इस मैच में कार्लोस अलकराज ने पांचवे सेट के दौरान नोवाक जोकोविच की सर्विस को तोड़ा था। नोवाक जोकोविच की सर्विस जैसे ही पांचवे सेट में कार्लोस ने तोड़ी थी तो इस पर नोवाक खुद से काफी खफा हो गए थे। इस दौरान उन्होंने जोर से अपना रैकेट नेट पर फेंक कर मारा था। नोवाक को निराशा में अब इस तरह से नेट पर रैकेट फेंक कर मारना काफी भारी पड़ा है। जैसे ही नोवाक ने अपना रैकेट इतनी जोर से नेट पर मारा था जिसके बाद उनका रैकेट टूट गया था।

**अदालत** महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत पर दर्ज मामलों में

# यौन शोषण : भाजपा सांसद बृजभूषण को अंतरिम जमानत

- गिरफ्तार करने की मांग को लेकर जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन किया था
- अदालत ने आरोपियों की अर्जी मंजूर कर ली

एजेंसियां



**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह जानीमानी महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत पर दर्ज मामलों में मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी ।


अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल की अदालत ने श्री सिंह के अलावा सह आरोपी विनोद तोमर की भी अंतरिम जमानत मंजूर करके उन्हें दो दिनों की राहत दी। यौन उत्पीड़न का ये कथित मामला वर्ष 2016 से 2019 के के दौरान का है।

अदालत के समक्ष दोनों आरोपियों की अंतरिम जमानत की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने विरोध नहीं किया। इसके बाद अदालत ने आरोपियों की अर्जी मंजूर कर ली। अदालत उनकी नियमित जमानत याचिका पर गुरुवार 20 जुलाई को सुनवाई करेगी। दिल्ली पुलिस ने 15 जून 2023 को आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 , 354-ए, 354-डी और 506 (1) के तहत आरोप पत्र अदालत में दायर किया था। इससे पहले काफी दिनों तक महिला पहलवानों ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने और गिरफ्तार करने की मांग को लेकर जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन किया था। एसीएमएम की अदालत ने सात जुलाई 2023 को आरोपी श्री सिंह के अलावा सह आरोपी उनके तत्कालीन असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को भी अदालत में पेश होने का समन जारी किया था। अदालत ने इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दायर आरोप पत्र के मद्देनजर दोनों आरोपियों को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। एसीएमएम की अदालत ने एक जुलाई को दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर मामले की सुनवाई सात जुलाई तक के लिए टाल दी थी। दिल्ली पुलिस ने अदालत से अनुरोध करते हुए कहा था कि मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया जा सकता है। अदालत ने पुलिस के इस अनुरोध पर इस तथ्य पर भी गौर किया था कि मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) रिपोर्ट अभी नहीं मिली है तथा उसका इंतजार किया जा रहा है। इससे पहले इसी अदालत ने 27 जून को मामले को एक जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया था। तब अदालत ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दायर लंबे आरोप पत्र को देखने के बाद मामले को स्थगित कर दिया था।

सीएमएम महिमा राय सिंह की अदालत ने 22 जून को लोक अभियोजक की दलील सुनने के बाद मामले को 27 जून की सुनवाई के लिए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल की अदालत में स्थानांतरित किया था।

## खेल जगत अपडेट्स »

### सऊद शकील ने दोहरा शतक जड़ रचा इतिहास



**नई दिल्ली:** पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच गाले में खेले जा रहे पहले टेस्ट पर मेहमान टीम ने शिकंजा कस दिया है। श्रीलंका को पहली पारी में 312 रनों पर ऑलआउट करने के बाद पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 461 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया है। इस तरह पाकिस्तान ने पहली पारी में 149 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। पाकिस्तान के लिए मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सऊद शकील ने कमाल कर दिया। शकील 361 गेंदों में 19 चौकों की मदद से 208 रन बनाकर नाबाद रहे। वह पांच नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए दोहरा शतक लगाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए हैं। गौरतलब है कि श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले सऊद शकील पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले श्रीलंका में किसी पाक बल्लेबाज का सर्वाधिक स्कोर 196 था, जो मोहम्मद हफीज ने बनाया था।

महेंद्र सिंह धोनी का गैरेज देखने पहुंचा ये दिग्गज क्रिकेटर

## शोरूम से ज्यादा बाइकों को देखकर रह गया भौंचक्का

एजेंसियां



**रांची:** महेंद्र सिंह धोनी जितना क्रिकेट से प्यार करते हैं उतना ही वो अपनी बाइक से भी प्यार करते है। महेंद्र सिंह धोनी का बाइक प्रेम काफी अधिक है, जिसके बारे में वो समय समय पर जिक्र भी करते रहे है। महेंद्र सिंह धोनी के पास शानदार बाइक कलेक्शन है, जिसे वो बेहद सहेज कर रखते है। इसी बीच महेंद्र सिंह धोनी की बाइक कलेक्शन का एक शानदार वीडियो भी सामने आया है जो पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने सोमवार को शेयर किया है। वेंकटेश प्रसाद रांची में थे और इस दौरान वो महेंद्र सिंह धोनी से उनके घर भी मिलने पहुंचे। यहां माही ने वेंकटेश प्रसाद को अपना बहुमूल्य बाइक-कार कलेक्शन भी दिखाया। ये कलेक्शन महेंद्र सिंह धोनी के फार्महाउस में है, जहां उन्होंने बेहद शानदार गैराज बनाया है, जिसमें सभी गाड़ियां और बाइक रखी है।

एक घर में इतनी अधिक संख्या में बाइक और गाड़ियां देखकर वेंकटेश प्रसाद की आंखे खुली की खुली रह गई है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने वेंकटेश प्रसाद जब महेंद्र सिंह धोनी के गैराज में पहुंचे तो उनकी आंखों को विश्वास नहीं हुआ। इस गैरेज का एक वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। बता दें कि ये वीडियो महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी ने शूट किया था।ये सभी को पता है कि महेंद्र सिंह धोनी को बाइक और गाड़ियों का बहुत अधिक शौक है। अपने इस शौक के संबंध में वो समय समय पर जिक्र भी कर चुक है। इसका जाता नमूना इस वीडियो में भी देखने को मिलता है। दो मिनट से 11 सेकेंड कम के इस वीडियो में वेंकटेश प्रसाद ने लिखा कि, मैंने एक व्यक्ति मे सबसे पागलपन भरा जुनून देखा है। इतना कलेक्शन, धोनी क्या व्यक्ति है। महान उपलब्धि हासिल करने वाला और अधिक अविश्वसनीय व्यक्ति है। ये रांची में उनके घर पर बाइक और कार के कलेक्शन की झलक है। धोनी और उनके जुनून से अभिभूत हो गया हूं।

इस वीडियो में वेंकटेश कहते हैं कि धोनी के बाइक कलेक्शन को देखकर क्या कहा जाए। जब तक कोई इसके लिए पागल ना हो, इतनी बाइकें नहीं खरीदी जा सकती है। ये बाइक का शोरूम हो सकता है।

वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों में जुटे चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर

## वेस्टइंडीज के लिए होंगे रवाना राहुल,द्रविड़,रोहित से करेंगे चर्चा

एजेंसियां



**नई दिल्ली:** आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 को शुरू होने में काफी कम समय शेष बचा है। वर्ल्ड कप से पहले अब भारतीय टीम के चयन को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई है। भारत में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप की शुरूआत होगी। भारत का पहला मैच आठ अक्टबूर को ऑस्ट्रेलिया के साथ होना है। इस विश्व कप को लेकर अब भारतीय टीम का चयन होने की तैयारियां होने लगी है। बीसीसीआई का मैनेजमेंट अब विश्व कप के लिए कौन से खिलाड़ियों का चयन कर टीम बनाएगा। इस सिलसिले में अब बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर वेस्ट इंडीज के लिए रवाना होने वाले है। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर अजित अगरकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि विश्व कप के लिए 20 सदस्यों की टीम फाइनल की जाएगी। इस सिलसिले में चर्चा करने के लिए भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज से पहले ही चर्चा की जाएगी। इसके लिए अजित अगरकर खुद वेस्टइंडीज जा रहे हैं जहां वो सदस्यों के चयन को लेकर चर्चा करेंगे। इस संबंध में व्हाइट बॉल सीरीज की शुरूआत से पहले ही अजीत अगरकर टीम से जुड़ेंगे और फिर विश्व कप को लेकर भी चर्चा होगी।

## 41 वर्ष की हुई प्रियंका चोपड़ा



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा आज 41 वर्ष की हो गयी। 18 जुलाई 1982 को झारखंड के जमशेदपुर में जन्मी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बरेली से पूरी की। बाद में उन्होंने लखनउ और मुंबई से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की। इस बीच उनका रूझान मॉडलिंग इंडस्ट्री की ओर हो गया और वह मॉडल के रूप में काम करने लगीं। वर्ष 2000 में प्रियंका चोपड़ा ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और दूसरे स्थान पर रहीं। बाद में उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड के खिताब से नवाजा गया । मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारतीय सुंदरता का परचम पूरी दुनिया में लहराते हुये रीता फारिया के बाद मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली वह पांचवीं भारतीय सुंदरी बनीं। प्रियंका चोपड़ा ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 2002 में तमिल फिल्म से की। इस फिल्म को व्यावसायिक सफलता तो नहीं मिली लेकिन अपने दमदार अभिनय से उन्होंने समीक्षकों का दिल जीत लिया। वर्ष 2003 में उन्होंने बॉलीवुड में भी कदम रखा और सन्नी देओल और प्रीति जिंटा के साथ द हीरो लव स्टोरी ऑफ द स्पाई में काम किया। यह फिल्म टिकट खिड़की पर सफल साबित हुयी और उनके अभिनय को दर्शको के साथ ही समीक्षकों ने भी काफी पसंद किया ।

अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 का गाना ऊंची ऊंची वादी रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 का गाना ऊंची ऊंची वादी रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म 'ओह माय गॉड' के सीक्वल 'ओह माय गॉड 2' में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य किरदार में हैं। ओह माय गॉड 2 के गाना ऊंची ऊंची वादी रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर किया है, जिसमें पंकज त्रिपाठी भोलेनाथ की अथाह भक्ति करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं अक्षय के रूप में भगवान शिव भी अपने भक्तों के हर सुख-दुख में साथ रहते हैं। इस भक्तिमय गाने को हंसराज रघुवंशी ने अपनी आवाज दी है। ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय ने किया है। इस फिल्म के निर्माता अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो हैं। फिल्म ओह माय गॉड 2 , 11 अगस्त को रिलीज होगी।

### बिग बॉस मेरे जीवन का हिस्सा : सलमान खान




एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का कहना है कि रियलिटी शो बिग बॉस उनके जीवन का हिस्सा बन गया है। सलमान खान इन दिनों बिग बॉस ओटीटी के दूसरे सीजन को होस्ट कर रहे हैं। सलमान खान लंबे अरसे से बिग बॉस को होस्ट रहे हैं। सलमान ने खान कहा, बिग बॉस मेरे लिए एक भावना है; मैं हमेशा कहता हूं कि मैं अटैचमेंट से दूर रहता हूं लेकिन बिग बॉस अलग है! मैंने इस शो को इतने सालों तक होस्ट किया है कि यह मेरे जीवन का एक हिस्सा बन गया है!

## अमिताभ बच्चन ने शेयर की दो तस्वीर

एजेंसियां



**मुंबई :** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर दो तस्वीर शेयर कर पुराने दिनों को याद किया है। अमिताभ बच्चन अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी थ्रोबैक तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी दो थ्रोबैक तस्वीरों को फ्रेंड्स के साथ शेयर किया। तस्वीर में अमिताभ ब्लू डेनिम, व्हाइट शर्ट, लेदर जैकेट और बूट पहने स्टाइलिश अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। अमिताभ इन दोनों की तस्वीरों को साझा करते हुए पुरानी यादों में खो गए हैं। फोटो पोस्ट करते हुए अमिताभ बच्चन ने कैप्शन में लिखा, 'अच्छे दिन थे यार' । अमिताभ की इन तस्वीरों को उनके फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

### सनी-अमीषा की फिल्म 'गर्दर 2' का गाना खैरियत रिलीज

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म गदर 2 का गाना खैरियत रिलीज हो गया है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गर्दर : एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। ह्यगदर : एक प्रेम कथाह्न की सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी नजर आयेगी। गदर 2 का गाना खैरियत रिलीज हो गया है। इस गाने को अरिजीत सिह गाया है और इसके बोल जावेद अख्तर ने लिखे हैं। गाने में सनी देओल (तारा सिह) की जर्नी दिखाई गई है कि किस वजह से वह इस बार पाकिस्तान जाएगा। इस बार तारा सिह अपने बेटे जीते को लेने पाकिस्तान जा रहा है। वहीं गाने के बीच-बीच में अमीशा पटेल और उत्कर्ष शर्मा की भी झलक दिखाई गई है।

वरूण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म बवाल का गाना दिलों की डोरियां



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म बवाल का गाना दिलों की डोरियां रिलीज हो गया है। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म ह्यबवालह्न में वरूण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका है।गाना दिलों की डोरियां रिलीज कर दिया गया है।दिलों की डोरियां एक वेंडिग सॉन्ग है, जिसमें वरुण और जाह्नवी हल्दी से लेकर शादी तक, कई खूबसूरत रस्मों को एंजॉय करते हुए नजर आ रहे हैं। दिलों की डोरियां गाने को विशाल मिश्रा, जहरा खान और रोमी ने गाया है। वहीं, गाने को कंपोज तनिष्क बागची ने किया है, जबकि लिरिक्स अराफत महमूद ने लिखा है। दिलों की डोरियां को टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित फिल्म बवाल प्राइम वीडियो पर 21 जुलाई 2023 को रिलीज होगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### ऊंचे टावर पर चढ़ी महिला को उतारा गया

**शिवपुरी:** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में आज कथित रुप से प्रेमी के साथ रहने की माँग को लेकर एक उँचे टावर पर चढ़ी महिला को उतार लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नरवर थाना क्षेत्र के पन घटा पावर हाउस के पास दो बच्चों की माँ वह अपने कथित प्रेमी के साथ रहने की मांग को उँचे टावर पर चढ़ गयी थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### खडगे-राहुल ने चांडी के निधन पर जताया शोक

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ति परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। खडगे ने ट्वीट किया, जननायक के रूप में हमेशा जनता की सेवा को तत्पर रहे दिग्गज नेता तथा केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और एक कट्टर कांग्रेसी ओमान चांडी को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। उनके दूरदर्शी नेतृत्व वाले व्यक्तित्व और अटूट प्रतिबद्धता ने केरल की प्रगति तथा देश के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। जनता के लिए असाधारण समर्पण और जन सेवा के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति हार्दिक संवेदना। गांधी ने कहा, ओमान चांडी जी एक अनुकरणीय तथा जमीनी स्तर के कांग्रेस नेता थे। आजीवन उन्होंने केरल के लोगों की जो सेवा की है, उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। हम उन्हें भूल नहीं सकेंगे। उनके सभी प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। गौरतलब है चांडी कि का आज सुबह निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। वह दो बार

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सिंधिया हीरा, जिन्हें कांग्रेस ने गंवा दिया : उमा

**शिवपुरी:** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ऐसा हीरा बताया है, जिनकी वजह से पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी, लेकिन बाद में कांग्रेस ने इस हीरे को गंवा दिया। सुश्री भारती ने कल शाम यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि श्री सिंधिया हीरा हैं, जिन्हें कांग्रेस ने गंवा दिया है। उन्होंने दावा किया कि पिछले विधानसभा चुनाव में श्री सिंधिया की वजह से कांग्रेस की सरकार बनी, उन्हीं की वजह से वो सरकार गिरी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। उन्होंने ये भी दावा किया कि कांग्रेस के पास अब कोई ऐसा नेता नहीं है, जो उन्हें पूर्ण बहुमत दिला सके। भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि आज के समय में पार्टी में कोई व्यक्ति या कोई चेहरा महत्वपूर्ण नहीं है, पार्टी का कार्यकर्ता और झंडा सबसे महत्वपूर्ण है।

### विदिशा में बोरवेल में गिरी बच्ची

**विदिशा:** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में मासूम बच्ची के बोरवेल में गिरने के बाद उसे बचाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा कोशिश प्रारंभ कर दिया गया है। जेसीबी मशीन के द्वारा लगभग 14 फीट गड्ढा कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिरोंज विकासखंड के पथरिया उप तहसील अंतर्गत कजारिया बरखेड़ा ग्राम में घर के बोरवेल में मासूम बच्ची अस्मिता गिर गई। बोरवेल की गहराई 20 से 25 फीट बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। बताया गया कि बच्ची अभी मुमेंट कर रही है।

**आरोप** आईएएस अधिकारियों का इस्तेमाल राजनेताओं की सेवा के लिए द्वारपाल के रूप में किया जाता है

# कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी कांग्रेस सरकार पर लगाया आरोप

- आईएएस अधिकारी राज्य की क्षमता और दक्षता के प्रतीक हैं
- द्वारपाल के रूप में तैनात करना सत्तारूढ़ दल के अहंकार की ऊंचाई को दर्शाता है



राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को राज्य की कांग्रेस सरकार पर नए आरोप लगाए और दावा किया कि भारतीय सिविल सेवा (आईएएस) के अधिकारियों का इस्तेमाल राजनेताओं की सेवा के लिए द्वारपाल के रूप में किया जाता है। श्री कुमारस्वामी ने ट्वीट किया, वे सिर्फ अधिकारी नहीं हैं, आईएएस अधिकारी राज्य की क्षमता और दक्षता के प्रतीक हैं। वे राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन अधिकारियों को राजनेताओं की सेवा के लिए द्वारपाल के रूप में तैनात करना सत्तारूढ़ दल के अहंकार की ऊंचाई को दर्शाता है। श्री कुमारस्वामी ने कहा, यह अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा, मैं आश्चर्यचकित और स्तब्ध था कि अधिकारी यह जानते हुए भी इस काम को करने के लिए सहमत हुए कि इससे उनके आत्मसम्मान और मान-सम्मान को ठेस पहुंचेगी। ऐसा विवादास्पद आदेश जारी करने वाले मुख्य सचिव लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। श्री कुमारस्वामी ने कहा कि पूंजीवादी कांग्रेस पार्टी ने राज्य में आईएएस बंधुआ मजदूरी नीति पेश की है और इस प्रकार देश में एक नई औपनिवेशिक प्रशासनिक प्रणाली की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 135 सीटें देने की अपनी गलती के लिए कन्नडिगाओं के प्रति अत्यधिक अहंकार दिखाया है। उन्होंने ट्वीट किया, सतयुग में, हिरण्यकशyप अष्टदिक्पालकों (आठों दिशाओं के संरक्षक) को अपने लक्षय प्राप्ति के लिए उपयोग किया था जिसकी वजह से उसका नाश हुआ। कांग्रेस ने भी अपने गठबंधन सहयोगियों के द्वारपाल के रूप में 30 आईएएस अधिकारियों को तैनात करके अपने पतन की शुरुआत की है। कुमारस्वामी ने कहा,'' गठबंधन बनाकर सत्ता हासिल करने के लालच में कांग्रेस ने कर्नाटक के गौरव, विरासत और स्वाभिमान का अंतिम संस्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा अपने गठबंधन नेताओं की सेवा के लिए आईएएस अधिकारियों को तैनात करना गलत है।'' कुमारस्वामी ने कहा कि यह न तो राज्य सरकार का कार्यक्रम है, न ही नई सरकार का शपथ ग्रहण, बल्कि यह सिर्फ एक राजनीतिक बैठक है और अपने गठबंधन के राजनीतिक नेताओं की मेजबानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तैनात करना 6.5 करोड़ कन्नड़वासियों के साथ घोर अन्याय और बड़ा अपमान है।

# पुलिस की मौजूदगी में कराची का हिंदू मंदिर ध्वस्त



राष्ट्रीय खबर

**इस्लामाबाद:** कराची में पुलिस स्टेशन के पास 150 साल पुराने हिंदू मंदिर पर उन्होंने बुलडोजर चला दिया। पुलिस ने देखा पाकिस्तान के कराची में एक हिंदू मंदिर को तोड़ दिया गया। खबर है कि मारी माता का 150 साल पुराना पवित्र मंदिर तोड़ दिया गया है। शनिवार की सुबह स्थानीय हिंदू समुदाय के लोगों ने देखा कि उनका मंदिर तोड़ दिया गया है। खबर के मुताबिक यह कराची के सोल्जर बाजार की घटना है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक यह घटना शुक्रवार रात की है। उस वक्त इलाके में लोड शेडिंग थी। उस वक्त मंदिर को बुलडोजर से ढहा दिया गया था। उन्होंने मंदिर के अंदरूनी हिस्से को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। लेकिन मुख्य दरवाजा, बरामदा पहले की तरह ही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, निवासियों ने दावा किया कि बुलडोजरों की सुरक्षा के लिए इलाके में एक पुलिस वाहन भी मौजूद था। इस बीच, डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, सोल्जर बाजार पुलिस स्टेशन पास में ही है। वहां मारी माता मंदिर को तोड़ दिया गया। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के श्री रामनाथ मिश्र महाराज ने डॉन को बताया कि यह बहुत प्राचीन मंदिर है। उन्होंने यह भी कहा कि इसे करीब 150 साल पहले बनाया गया था। हमने यह भी सुना है कि इस मंदिर के प्रांगण में खजाना है। यह लगभग 500 वर्ग किमी के क्षेत्र को कवर करता है।

# बाढ़ में खोये आधार और वोटर कार्ड फिर से मिलेंगे: मेयर



**नईदिल्ली:** दिल्ली की मेयर शैली ओबेराय ने विभिन्न इलाकों का दौरा कर लोगों को उनके जरूरी दस्तावेजों के बारे में आश्वस्त किया। दरअसल यमुना का जलस्तर अचानक बढ़ जाने की वजह से अनेक लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। आनन फानन में इलाका खाली करने की वजह से वे अपने आधार कार्ड, वोटर कार्ड अथवा दूसरे जरूरी दस्तावेज अपने साथ नहीं ले जा सके थे। शैली ने दिल्ली में बाढ़ की स्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में होने पर नगर पालिका की ओर से अलग-अलग इलाकों में कुछ कैंप लगाये जायेंगे। जिन लोगों का आधार कार्ड, वोटर कार्ड या कोई अन्य महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज खो गया है, वे शिविरों में जाकर दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं। मेयर ने कहा, ऐसे में सरकार कुछ कैंप खोलेगी। जिन लोगों के दस्तावेज खो गए हैं वे वहां जाकर अपनी जानकारी दोबारा दर्ज करा सकते हैं। इस कैंप से जल्द से जल्द सरकारी दस्तावेजों को दोबारा बनाकर लोगों को सौंपा जाएगा। मेयर ने दिल्ली शहर के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। वह जलयात्रा करके ओलीगली पहुंचा। मेयर प्रियदर्शिनी कॉलोनी, निगमबोध घाट, बेला रोड इलाके में नगर निगम के कार्यों का निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द ही स्थिति सामान्य करने का वादा किया। सोमवार सुबह पांच बजे यमुना का जलस्तर 205.45 मीटर पर था। पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। लेकिन बारिश दोबारा शुरू होने से राजधानी वासियों की परेशानी बढ़

कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी


# मानहानिः सुप्रीम कोर्ट राहुल की याचिका पर 21 को करेगा सुनवाई



एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय मोदी सरनेम की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि का दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर उनकी विशेष अनुमति याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के विशेष उल्लेख के दौरान शीघ्र सुनवाई के अनुरोध पर सहमति व्यक्त करते हुए मामले को 21 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। सिंघवी ने कांग्रेस नेता का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका पर शुक्रवार या सोमवार को सुनवाई करने का अनुरोध किया। गांधी के वर्ष 2019 की एक टिप्पणी के मामले में मानहानि का दोषी ठहराए जाने के मामले में निचली अदालत के फैसले पर मुहर लगाने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के सात जुलाई के फैसले के खिलाफ 15 जुलाई 2023 को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने सात जुलाई को मानहानि मामले में गांधी के दोषसिद्धि को निलंबित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। वर्ष 2019 की बैंक कर्ज घोटाले के आरोपियों में शामिल नीरव मोदी और कुछ अन्य का नाम लेते हुए गांधी ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उनकी टिप्पणी किये सभी चोरों के उपनाम मोदी क्यों हैं के लिए निचली अदालत ने मानहानि का दोषी माना था। इसके लिए दो साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले को गांधी ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, लेकिन सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। इससे पहले 12 जुलाई को गांधी के खिलाफ गुजरात के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक पूर्णेश मोदी ने उच्चतम न्यायालय में एक ह्यकैविएट दायर की थी। मोदी की मानहानि की शिकायत के बाद अदालत ने गांधी को दोषी ठहराया था। इसकी वजह से कांग्रेस नेता की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। भाजपा विधायक ने शीर्ष अदालत में कैविएट दायर कर गुहार लगाई थी कि यदि गांधी उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हैं तो सुनवाई करते समय उनका (शिकायत करने वाले मोदी) पक्ष भी सुना जाए। मानहानि का यह मामला 2019 का है।

# गौतम अडाणी को धारावी झुग्गियों के विकास का ठेका



**मुंबई :** यहां की धारावी झुग्गियों का आकार बदल रहा है, महाराष्ट्र सरकार ने अडानी समूह को पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी दी है। सरकार ने परियोजना के लिए निजी कंपनियों से निविदाएं आमंत्रित की थीं। राज्य के आवास विभाग ने शुक्रवार को कहा कि अडानी समूह धारावी पुनर्निर्माण परियोजना में शामिल होने जा रहा है। महाराष्ट्र की धारावी झुग्गियां बदल रही हैं। महाराष्ट्र सरकार ने एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती पुनर्निर्माण और पुनर्वास परियोजना शुरू की है। उन्होंने परियोजना के लिए इच्छुक निजी कंपनियों से निविदाएं आमंत्रित कीं। इंडस्ट्री टाइकून गौतम अडानी के अडानी ग्रुप ने सबसे ज्यादा पैसा लगाने के मामले में बाकी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया। शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार के आवास विभाग ने जानकारी दी कि अडानी समूह धारावी में सरकार द्वारा शुरू की गई पुनर्निर्माण परियोजना में भाग लेने जा रहा है। महाराष्ट्र प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, करीब 600 एकड़ क्षेत्रफल में खड़ी इस झुग्गी बस्ती में आधुनिक सुविधाओं वाले घर, शॉपिंग मॉल बनाए जाएंगे। वर्तमान में झुग्गियों में अस्वच्छ परिस्थितियों में रहने को मजबूर निवासियों को नवनिर्मित आवास में 'योग्यता के आधार' पर पुनर्वासित किया जाएगा। इस परियोजना में अडानी के दो प्रतिद्वंद्वी डीएलएफ और नमन ग्रुप थे। लेकिन अडानी इंडस्ट्रियल ग्रुप ने कहा कि वह उन दोनों कंपनियों से ज्यादा पैसा निवेश करेगा। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की राजनीति में हाल ही में एक और बदलाव हुआ है। एनसीपी के अजित पवार महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए हैं और पार्टी के अधिकांश विधायकों ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ विद्रोह की घोषणा कर दी है। उन्हें शुक्रवार को महाराष्ट्र के वित्त मंत्री का प्रभार मिला। इसके बाद अडानी को स्लम पुनर्निर्माण के लिए कोटेशन मिलने की घोषणा को कुछ लोगों ने महत्वपूर्ण माना है।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का लोकप्रिय ठिकाना बन गया है अबू धाबी



एजेंसियां

**अबू धाबी:** यहां का अल ऐन अब पसंदीदा केंद्र है। यहां पर विदेशी पर्यटकों की भीड़ लग रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अबू धामी से मात्र डेढ़ घंटे की दूरी पर स्थित इस पर्यटन केंद्र में आकर लोग रेगिस्तान के बीच नदी और वाटर स्पोर्ट्स का आनंद उठा रहे हैं। एल ऐन की यह नदी यह कोई साधारण नदी नहीं है। यह एक तरफ अबू धाबी के शुष्क पहाड़ों और दूसरी तरफ विशाल रेगिस्तान के बीच निर्मित 50 मिलियन डॉलर के मानव निर्मित पार्क का परिणाम है। अल ऐन एडवेंचर पार्क गर्व से व्हाइट वॉटर राफ्टिंग, कायाकिंग और सर्फिंग के लिए मध्य पूर्व के पहले गंतव्य का खिताब होने का दावा करता है। इस रेगिस्तानी इलाके में प्राकृतिक नदी नहीं है। यहां गर्मियों में तापमान अक्सर 49 डिग्री तक चला जाता है। इस शहर में पर्यटकों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए लगभग हर चीज कृत्रिम रूप से बनाई गई है, जिसमें समुद्र तट, बर्फ और यहां तक कि बारिश भी शामिल है, अल ऐन एडवेंचर भी इसी का अनुसरण करता है।

पार्क विश्व स्तरीय कयाकिंग और राफ्टिंग अनुभव का दावा करता है। सफेद पानी के चैनल 1.2 किलोमीटर तक फैले हुए हैं, जो सभी स्तरों के कैयकरों और राफ्टरों के लिए एक चुनौतीपूर्ण यात्रा प्रदान करते हैं। अल ऐन एडवेंचर पार्क ने विभिन्न विषयों में अपने कौशल को निखारने के इच्छुक खेल पेशेवरों के लिए एक केंद्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। सर्फिंग चैंपियन, राफ्टर्स और ओलंपिक कयाक टीमों सहित दुनिया भर के एथलीटों को आकर्षित करते हुए, पार्क एक पसंदीदा प्रशिक्षण स्थल बन गया है।

# सहारा के निवेशकों को वापस मिलेगा पैसाः शाह

एजेंसियां



**नयी दिल्ली :** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज यहां कहा कि सहारा ग्रुप को-ऑपरेटिव सोसाइटी में निवेश करने वाले चार करोड़ लोगों को उनकी राशि लौटायी जाएगी। शाह ने सोसाइटी के सदस्यों को निवेश की राशि लौटाने के लिए सीआरसीएस पोर्टल की शुरुआत करते हुए कहा कि सबसे पहले छोटे निवेशकों को उनकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा लौटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सहारा में 10 हजार रुपये निवेश करने वाले करीब एक करोड़ सात लाख निर्वंधित लोगों को निवेश की राशि लौटायी जाएगी। यह राशि 45 दिनों के अंदर उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सहारा को-ऑपरेटिव सोसाइटी में कुल चार करोड़ निवेशकों ने अपनी पूंजी लगायी थी। इस मामले में कहीं भी गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी और पारदर्शी तरीके से लोगों को भुगतान किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निवेशकों के साथ पूरा न्याय होगा। उन्होंने कहा कि सहारा को-ऑपरेटिव सोसाइटी में 30 हजार रुपये तक निवेश करने वाले लगभग ढाई करोड़ लोग हैं।

## आज का इतिहास

- 1545 : अंग्रेजी युद्धपोत मैरी रोज सॉलेंट की लड़ाई के दौरान पोर्ट्समाउथ के बाहर डूब गया।
- 1702 : किंग चार्ल्स के नेतृत्व में स्वीडन की सेना ने चेक गणराज्य के क्रेकोव शहर पर कब्जा किया।
- 1702 : राजा चार्ल्स बारहवीं ने स्वीडिश सैनिकों पर कब्जा किया।
- 1763 : बंगाल के नवाब मीर कासिम को कटवा की लड़ाई में ब्रिटिश सेना ने बुरी तरह पराजित किया।
- 1947 : बर्मा के प्रधानमंत्री आंग सेन की रंगून में हत्या कर दी गई।
- 1860 : पहला रेलवे कैनसस तक पहुंचाया गया।
- 1870 : फ्रांस ने प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1900 : फ्रांस की राजधानी पेरिस में पहली मेट्रो रेल चली थी। दुनिया की पहली मेट्रो सेवा लंदन में शुरू हो चुकी थी।
- 1903 : फ्रांसीसी साइकिल चालक मौरिस गारिन ने पहला टूर डी फ्रांस जीता।
- 1926 : फ्रांस में एडवर्ड हेरियोट के नेतृत्व में दूसरी बार सरकार बनीं।
- 1947 : बर्मा के प्रधानमंत्री आंग सेन की रंगून में हत्या कर दी गई।
- 1952 : इंग्लैंड के खिलाफ फॉलोऑन खेलते हुए पूरी भारतीय क्रिकेट टीम 82 रन पर आउट हो गई।
- 1961 : ट्रांस वर्ल्ड एयरलाइंस ने फर्स्ट क्लास पैसेंजर्स को फ्लाइट में मूवीज दिखाने की शुरुआत की।
- 1963 : जॉय वॉकर विमान के जरिये अन्तरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने।
- 1967 : अमेरिका ने चंद्र कक्षा मे प्रवेश करने के लिये 'एक्सप्लोरर-35' लांच किया।
- 1969 : अपोलो द्वितीय के अंतरिक्ष यात्री नील आर्म स्ट्रॉंग और एडविन एल्ड्रीन ने यान से बाहर निकलकर चंद्रमा की कक्षा में चहलकदमी की।
- 1969 : भारत सरकार ने देश के 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का निर्णय लिया।
- 1979 : निकारगुआ की जनता की क्रान्ति सफल हुई।
- 1980 : मॉस्को में ओलिंपिक की शुरुआत हुई। अफगानिस्तान में सोवियत संघ की सेना के दखल से कई देशों ने इन खेलों का बहिष्कार किया।
- 1980 : तुर्की के पूर्वप्रधान मंत्री निहट एरीम को इस्तांबुल में दो बंदूकधारियों ने जान से मार दिया।
- 1985 : स्कूल टीचर क्रिस्टा मैकोलिफ को अंतरिक्ष मिशन के लिए चुना गया। पहली बार किसी टीचर को अंतरिक्ष मिशन के लिए चुना गया था। हालांकि जनवरी 1986 में मिशन पर जाने के दौरान ही चैलेंजर में विस्फोट से क्रिस्टा का निधन हो गया।
- 1997 : आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने उत्तरी आयरलैंड में ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपने 25 साल के अभियान को समाप्त करने के लिए स्थायी रूप से अपने युद्धविराम को फिर से शुरू किया।
- 2001 : नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2003 : रूस के अंतरिक्ष यात्री यूरी माले थान्को अंतरिक्ष में शादी रचाने वाले पहले व्यक्ति बने।
- 2004 : तीन बार टाले जाने के बाद दुनिया के सबसे बड़े दूर संचार उपग्रह को लेकर एरियन-5 फ़्रेंच गुयाना के कोरू प्रक्षेपण केन्द्र से रवाना।
- 2008 : अमेरिका ने प्रशान्त महासागर में लक्षय निर्धारित कर लम्बी दूरी तक मार कर सकने में सक्षम मिसाइल का परीक्षण किया।
- 2010 : कोलकाता में एक ट्रेन दुर्घटना में 63 लोगों की मौत हो।

**पर्यटन** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा के अनुसार

# गौरव ट्रेनों से तीर्थ यात्राओं पर जाएंगे श्रद्धालु

- दो अगस्त से 10 अक्टूबर के लिए तीन भारत गौरव पर्यटन ट्रेनें चलाने की अनुमति दी है
- भारत गौरव पर्यटन ट्रेनों में गरम ख़ाना बनाने की सुविधा है



राष्ट्रीय खबर

**भोपाल:** मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालु अब भारत गौरव पर्यटन ट्रेनों के माध्यम से तीर्थ यात्राओं पर जाएंगे। प्रदेश के धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा के अनुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए दो अगस्त से 10 अक्टूबर के लिए रेलवे बोर्ड ने तीन भारत गौरव पर्यटन ट्रेनें आईआरसीटीसी के माध्यम से मध्यप्रदेश के लिए चलाने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि विगत महीनों में उक्त योजना में संचालित रेलवे की सामान्य ट्रेनों में गर्म ख़ाना पैंट्री सर्विसेज़ संपूर्ण देश में बंद किए जाने से योजना के तीर्थ यात्रियों को आ रही समस्याओं के दृष्टिगत धर्मस्व विभाग, मप्र शासन द्वारा भारत गौरव पर्यटन ट्रेन को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए आवंटित किए जाने का अनुरोध रेलवे बोर्ड से किया गया था। भारत गौरव पर्यटन ट्रेनों में गरम ख़ाना बनाने की सुविधा है। अब इन तीन भारत गौरव ट्रेनों से 18 हजार 480 तीर्थ यात्री इस योजना अन्तर्गत विभिन्न तीर्थ यात्राओं पर जावेंगे।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची बुधवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

19.07.2023


## ट्रस्ट द्वारा पठन-पाठन एवं अल्पहार सामग्री का वितरण

रांचीः एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ट्रस्ट के सदस्यों ने गुरू सदानंद महाराज के जनसेवा को समर्पित स्वर्णिम 51वर्ष पूर्ण होने पर को हरमु की स्लम बस्ती मे रहने वाले कमजोर वर्ग के स्कुली बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री स्कुल बैग,लंच बाक्स,जोमेटरी बाक्स,कापी,पेन्सिल,रबर,कलर पेन्सिल एव अल्पाहार का वितरण किया गया।

**पड़ताल** बीते रात हुई एटीएस और अपराधियों के बीच हुई गोलीबारी को लेकर जांच में आई तेजी

# घटनास्थल पर पहुंची एटीएस की टीम

- सोमवार रात 8:30 बजे शूटरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी
- दारोगा सोनू कुमार साव को दाहिनी जांघ में गोली लगी थी

**राष्ट्रीय खबर**




**रांचीः** एटीएस के डीएसपी और दारोगा पर हुई गोलीबारी की जांच करने के लिए सीआईडी की टीम आज मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंची है। सीआईडी के डीएसपी जीबीएन चौधरी के नेतृत्व में टीम घटनास्थल को चिन्हित कर सभी पहलुओं की जांच कर रही है। गौरतलब है कि जेल में बंद अमन साहु गैंग के अपराधियों को पकड़ने गयी एटीएस और रामगढ़ पुलिस की टीम पर सोमवार रात 8:30 बजे शूटरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी।

यह वारदात पतरातू थाना क्षेत्र स्थित डाड़ीडीह सरना उच्च विद्यालय के समीप हुई थी। इस गोलीबारी में एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार को पेट में और रजरप्पा थाना के दारोगा सोनू कुमार साव को दाहिनी जांघ में गोली लगी थी।

वहीं एक अन्य जवान गिरकर घायल हो गया था।एटीएस की टीम ने सोमवार दोपहर में अमन साहु गैंग के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। इसमें गैंग के कई अन्य अपराधी के बारे में उन्हें जानकारी मिली थी। इसके बाद एटीएस व रामगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम अपराधी को गिरफ्तार करने सरना उच्च विद्यालय के समीप पहुंची।

टीम ने बाइक पर जा रहे अपराधी को जैसे ही पकड़ने की कोशिश की। वैसे ही बाइक के पीछे बैठे अपराधी ने ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। इसी दौरान डीएसपी और दारोगा को गोली लगी।झारखंड एटीएस की टीम और रामगढ़ पुलिस पतरातू इलाके में सर्च अभियान चला रहे हैं। पतरातू इलाके में काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये हैं और इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## रांची रेलवे स्टेशन पर ठग गिरोह सक्रिय, पलक झपकते मोबाइल और पैसे कर देते हैं गायब



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** राजधानी रांची रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक युवक ने टिकट कटवाने के नाम पर यात्री से हजारों रुपए की ठगी कर ली। वहीं कुछ लोगों ने मोबाइल चोरी होने की भी शिकायत की। जिसके बाद रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले में दो लोगों को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।रांची रेलवे स्टेशन पर ठगों का गिरोह सक्रिय है। मंगलवार को एक व्यक्ति ने यात्री से एक टिकट कटाने के नाम पर 4500 रुपए लिए और फरार हो गया। घंटों तक इंतजार करने के बाद जब वह व्यक्ति यात्री के पास नहीं लौटा तो उसने जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। एफआईआर दर्ज करवाने के बाद जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिसमें दो युवक को यात्रियों के मोबाइल चोरी करते हुए देखा।सीसीटीवी फुटेज में युवक को चिन्हित करने के बाद उनकी तलाश की गई। घंटों तक तलाश के बाद वे टिकट काउंटर के पास नजर आए, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरे मामले पर आरपीएफ की तरफ से बताया गया कि पकड़े गए युवकों के पास से 25 से 30 मोबाइल जब्त किए गए हैं। इसके अलावा कुछ कैश भी बरामद किया गया है।

आरपीएफ ने बताया कि यह गिरोह पहले पटना में सक्रिय था। पटना में लोगों को ठगने के बाद अब इन्होंने रांची स्टेशन को अपना ठिकाना बनाने की कोशिश की है। रांची स्टेशन पर पिछले कई दिनों से यह गिरोह सक्रिय था। ये अपराधी रांची रेलवे स्टेशन के पास ही एक होटल में रह रहे थे। रेल पुलिस ने होटल में भी छापेमारी की जहां से कई मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

# रंगदारी के लिए फायरिंग करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** टाटीसिलवे में मेडिकल दुकान और बाइक गैरेज में रंगदारी के लिए फायरिंग करने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर डीएसपी हेडक्वार्टर 1 डीएसपी मूमल राजपुरोहित के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस की टीम ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अपराधियों में पटना का रहने वाला राजू कुमार गुप्ता, बीआईटी मेसरा का रहने वाला नवनेहाल सिंह और टाटीसिलवे का रहने वाला अभिषेक रंजन शामिल है। गिरफ्तार अपराधी राजू कुमार गुप्ता के खिलाफ रांची के गोंदा, सुखदेवनगर और सदर थाना में मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार हुए अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया गया हैं।बीते 13 जून टाटीसिलवे बाजार बीड बंगला स्थित दवा दुकान पर अपाची बाइक पर सवार दो अपराधकर्मी आये, और रंगदारी के लिए धमकी देते हुए मेडिकल दुकान के स्टाफ पर फायरिंग कर दिया।

जिसमें स्टाफ ने किसी तरह से अपनी जान बचायी। इसी मेडिकल दुकान के मालिक के महिलांग स्थित के बाइक गैरेज में भी अपराधियों ने रंगदारी की मांग करते हुए फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

## सीबीआई कोर्ट में तारा शाहदेव प्रकरण में केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से अंतिम बहस जारी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की के मामले में मंगलवार को सीबीआई की बहस जारी है। सीबीआई की ओर से तारा शाहदेव द्वारा कोहली पर लगाए गए आरोपों का समर्थन किया जा रहा है। सीबीआई की यह अंतिम बहस 10 जुलाई से चल रही है। इस मामले में अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी। इससे पहले रंजीत कोहली की ओर से बनाए गए गवाह रिलायंस कम्यूनिकेशन, ईस्टर्न जोन की नोडल ऑफिसर मधुमिता गुप्ता की गवाही हुई थी। जिसके बाद बचाव साक्ष्य बंद कर दिया गया था।बता दें कि रंजीत कोहली द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को भी गवाह बनाया गया था। पूर्व की सुनवाई में सीएम के अधिकृत मुस्ताक आलम ने गवाही दी थी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मामले की सुनवाई चल रही है। गौरतलब है कि मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार(विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहा है।

आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने 2015 में केस टेक ओवर किया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी। लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने प्रताड़ित किया गया।

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर

# अमेरिकी नागरिकता प्राप्त महिला से मिला जिंदा कारतूस, मामला दर्ज




**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जिंदा गोली के साथ यात्रा करने पहुंची अमेरिकी नागरिकता प्राप्त जमशेदपुर की महिला जांच के क्रम में पकड़ी गई।

मामला सामने आते ही इसकी सूचना तत्काल एयरपोर्ट थाने को दी गई। मौके पर पहुंची एयरपोर्ट थाना की पुलिस ने आरोपी महिला से पूछताछ शुरू की कि आखिर उनके पास से बरामद पिस्टल की एक गोली उन्हें कहां से मिली। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान सामने आए इस मामले से कुछ देर के लिए वहां सनसनी फैल गई।

शुरूआती पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली है कि महिला यात्री ने बरामद गोली के बारे में पुलिस को बताया है कि उसे यह रास्ते में पड़ा मिला था, जिसको लेकर वह यात्रा करने एयरपोर्ट पहुंची थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला का पासपोर्ट को जब्त कर लिया है। महिला मूल रूप से जमशेदपुर की रहने वाली बताई जा रही है।

वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता को

# अग्रिम बेल मिलेगी या नहीं 22 जुलाई को आएगा फैसला




**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत पर रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अग्रिम जमानत पर फैसला सुनाने के लिए 22 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। वीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की याचिका पर सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया जिसका एऊ की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने पुरजोर विरोध किया।बता दें कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इसी केस में ईडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

## जज की भूमि पर कब्जा से जुड़े केस में अब गुरुवार को हाईकोर्ट करेगा सुनवाई

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** रांची में सुप्रीम कोर्ट के दिवंगत न्यायाधीश की भूमि पर जमीन माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा करने के मामले को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से एफिडेविट दाखिल किया गया। अदालत ने इस केस में अमेकस क्यूरी (न्याय मित्र) अतानु बनर्जी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट अब गुरुवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एमवाई इकबाल की भूमि पर दिनदहाड़े दलालों के जबरन कब्जा करने के प्रयास की खबर पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया

### नगर निगम ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द किया

**रांचीः** रांची नगर निगम ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द कर दिया है। निगम का कहना है कि इन लाभुकों ने पहली किश्त के बाद कोई राशि जमा नहीं की है। आवंटन रद्द करने की सूचना नगर निगम के सहायक प्रशासक की ओर से जारी की गयी है। जिन लोगों का आवंटन रद्द हुआ है, उनमें रेणु देवी सिंघानिया, जीतेंद्र कुमार, सचिव कुमार, सोनी कुमारी, मुन्ना महली, रूबी देवी, सुप्रिया देवी, जशो देवी, राम बरन सिंह, दीपक तिवारी, बीना देवी, शशिकांत दास, संतोष दीक्षित और अमरेश कुमार झा का नाम शामिल है।

### कोयला तस्कर के फेंके हुए पैसे उठाते ओरमांझी पुलिस का वीडियो वायरल

**रांचीः** बाइक के जरिए होने वाली अवैध कोयले की ढुलाई पुलिस वालों के लिए कमाई का जरिया बन गया। चौक चौराहों पर तैनात पुलिस वाले पैसे लेकर बाइक के जरिए अवैध कोयले की ढुलाई को पासिंग देने का काम कर रहे हैं। जिले के ओरमांझी चौक के पास पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी का पुलिसवाला कोयला वाले से पैसे लेते हुए कैमरे में कैद हो गया। ओरमांझी चौक के पास पेट्रोलिंग गाड़ी के जवान खुलेआम कोयला वालों से पैसे की वसूली करते हैं। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि बाइक पर सवार एक कोयला तस्कर सड़क पर पैसे गिरा देता है। थोड़ी देर बाद वहां गाड़ी में मौजूद एक पुलिसकर्मी उसे हाथ से जाने का इशारा करता है, जिसके बाद वह कोयला लेकर चला जाता है। पल भर में ही वह पुलिस वाला बेफिक्री से टहलता हुआ वहां आता है, जहां तस्कर की बाइक रुकी हुई थी और वहां गिरा हुआ।






**मौसम की बेरुखी** जुलाई महीने के खत्म होते ही पूरे राज्य में बारिश होगी

# कमजोर मानसून, सावन में भी उमस भरी गर्मी

- बुधवार से शुक्रवार तक गर्जन के साथ बारिश होने का पूवार्नुमान है
- पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** झारखंड में अबतक कमजोर मानसून के बीच सामान्य से कम बारिश हुई है। इसके चलते सावन माह में भी छिटपुट बारिश के बीच उमस भरी गर्मी जारी है। तापमान में कमी नहीं आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 से 24 जुलाई तक रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो, चाईबासा, देवघर, गिरिडीह, गढ़वा, रामगढ़ व गोड्डा जिलों में अधिकतम तापमान 32 से 34 तक जाने का पूवार्नुमान है। लोगों को उमस भरी गर्मी का एहसास होगा। वहीं राज्य के दक्षिणी इलाकों पूर्वी सिंहभूम, पमि सिंहभूम, सरायकेला खरसावां में बुधवार से शुक्रवार तक गर्जन के साथ बारिश होने का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 18 जुलाई तक सामान्य वषार्पात 371.2 मिमी के मुकाबले 212.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यानी 43 % तक कम बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मॉनसून फिर से पीक पकड़ेगा। जुलाई महीने के खत्म होते ही पूरे राज्य में बारिश होगी। सामान्य वषार्पात में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। हालांकि मॉनसून गतिविधि कमजोर रही। सबसे अधिक वर्षा 23.4 एमएम कमाटांड़ ( जामताड़ा) में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 34.2डीग्री गोड्डा में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.1डीग्री रांची में दर्ज किया गया।